'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

City24News
शहर आपका, खबर आपकी
Digital Media Platform

News app | Online E-Paper | News Portal | Youtube | Facebook | Instagram | Twitter | Tumbler | Reddit

वर्ष 1, अंक 06 पेज 8 | बुधवार 06 मार्च, 2024 | TITLE CODE : HARHIN11569

# हरियाणा मंत्रिमंडल ने हिसार के चार गांवों के लिए भूमि स्वामित्व नीति को दी मंजूरी

## 31 मार्च, 2023 तक सरकारी पशुधन फार्म, हिसार से संबंधित 1873 कनाल 19 मरला भूमि पर निर्मित आवास वाले मालिक स्वामित्व अधिकार के लिए पात्र होंगे

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हरियाणा निवासियों के अधिकारों को सशक्त बनाने और सुरक्षित भूमि अधिकार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गांव ढंढूर, पीरांवाली, झिरी (चिकनवास) और बबरान (बस्ती और डिग्गी ताल) चार गांवों में रहने वालों को आवासीय भूमि या भूखंडों का मालिकाना देने वाली नीति बनाने को मंजूरी दे दी गई है।

इस नीति के तहत 31 मार्च, 2023 तक राजकीय पशुधन फार्म, हिसार से संबंधित 1873 कनाल 19 मरला भूमि पर निर्मित आवास वाले लोग स्वामित्व अधिकार के लिए पात्र होंगे।



जिन लोगों ने 250 वर्ग गज तक की भूमि पर निर्माण किया है, उन्हें 2000 रुपये प्रति वर्ग गज का शुल्क चुकाने के बाद मालिकाना हक दिया जाएगा। इसी प्रकार जिन लोगों ने 250 वर्ग गज से लेकर 1 कनाल तक के क्षेत्र में निर्माण किया है, उन्हें 3000 रुपये प्रति वर्ग गज का भुगतान करने पर मालिकाना हक मिलेगा।

इसके साथ ही 1 कनाल से 4 कनाल तक की संपतति वाले परिवारों को 4000 रुपये प्रति वर्ग गज के हिसाब से भुगतान करना होगा।

इस पॉलिसी के तहत मालिकाना हक के लिए अधिकतम अनुमानत प्लॉट का आकार 4 कनाल तक है। 4 कनाल से बड़े प्लॉट के दावे स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

इन चार गांवों में सरकारी पशुधन फार्म, हिसार की 1873 कनाल 19 मरला भूमि पर 31 मार्च, 2023 तक निर्मित आवास वाले भूखंड, संपतति के सभी कब्जाधारी और जिनके नाम जिला प्रशासन हिसार द्वारा किए गए ड्रोन-इमेजिंग सर्वेक्षण में दिखाई देते हैं, वे ही आवंटन के लिए पात्र होंगे। परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) आईडी पात्र लाभार्थियों की पहचान के लिए एकमात्र दस्तावेज़ की आवश्यकता के रूप में काम करेगी, जब तक कि सरकार द्वारा किसी अन्य दस्तावेज को अपेक्षित प्रमाण के रूप में अधिसूचित नहीं किया जाता।

अतिरिक्त उपायुक्त, हिसार की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति दावेदारों से आवेदन आमंत्रित कर उनकी जांच करेगी और सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत करेगी।

स्थानीय समिति सार्वजनिक सूचना समाचार पत्रों, सामान्य वेब पोर्टल, अंत्योदय सरल पोर्टल के माध्यम से आवेदन मांगेगी। इन सभी दावे और आपततियों सहित सभी आवेदन सामान्य पोर्टल के माध्यम से प्राप्त कर संशोधित किए जाएंगे। डिमांड नोटिस जारी होने की तारीख से छह महीने के अन्दर प्रीमियम का भुगतान किया जाना चाहिए।

## ऐतिहासिक होगा लखपति दीदी महासम्मेलन : नायब सैनी



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि करनाल में होने वाला लखपति दीदी महासम्मेलन ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने ये बातें मंगलवार को करनाल में कार्यस्थल का जायजा लेने के दौरान कही। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बडौली, सुरेन्द्र पुनियां, डा. अर्चना गुप्ता के अलावा विधायक हरविन्द्र कल्याण, जिला महामंत्री सुनील गोयल और जय भगवान सीकरी भी उपर्सथित रहे। कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने के बाद प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए। नायब सैनी ने कहा कि महिला दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित "नारी शक्ति वंदन अभियान" के तहत करनाल मे लखपति दीदी महासम्मेलन का आयोजन हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी और मनोहर सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए अनेकों योजनाएं क्रियानवित की हैं और उनके सार्थक नतीजे सामने आ रहे हैं। अब महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं। श्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता से नारी शक्ति वंदन के तहत अपना संबोधन रखेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने महिलाओं व समाज के अन्य वर्गों के लोगों से बड़ी संख्या में पहुंच कर प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन और मुख्यमंत्री के विचार सुनने की भी अपील की। नायब सैनी ने कहा कि इस महासम्मेलन में बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं भाग लेंगी। राज्य सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिये अनेक कदम उठाये हैं तथा सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिये हर संभव कदम उठा रही है।

## रेस्टोरेन्ट में चोरी करने के मामले में एक नाबालिग गिरफ्तार

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा निर्देश में कार्य करते हुए चौकी गोकल गेट पुलिस ने रेस्टोरेन्ट में चोरी करने के मामले में एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने नाबालिग के कब्जे से चोरी किए गए 10 हजार रुपये व एक ब्लूटूथ स्पीकर को बरामद कर लिया है। जांचकर्ता ने बताया कि माडल टाउन रेवाड़ी निवासी अनिल कुमार ने अपनी शिकायत में बताया की रेलवे रोड रेवाड़ी के पास उसका एक रेस्टोरेन्ट है। दिनांक 28 जुलाई 23 की रात्री को कोई अज्ञात व्यक्ति उसके रेस्टोरेन्ट में घुस कर गल्ले में रखी नकदी, मोबाइल फोन, रेस्टोरेन्ट में रखे ब्लुटुथ स्पीकर व अन्य सामान को चोरी करके ले गए है। जिस पर पुलिस ने थाना शहर रेवाड़ी में चोरी का मामला दर्ज करके मामले में एक आरोपी दीपक तिवारी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। जो इस मामले में पुलिस ने सोमवार को वारदात में शामिल एक नाबालिग बालक को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने नाबालिग बालक को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में पेश किया।

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें : 9818180269



# एयरफोर्स के 100 मीटर दायरे में पुराने मकानों के पुन निर्माण को लेकर विधायक नीरज शर्मा की अधिकारियों संग मीटिंग

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** एनआईटी फरीदाबाद से विधायक नीरज शर्मा ने एनआईटी विधानसभा के एयरफोर्स के 100 मीटर के दायरे में जर्जर मकानों के पुन निर्माण एंव विकास कार्यो को शुरू करने को लेकर जिला उपायुक्त कार्यालय में मीटिंग हुई, जिसमे उपायुक्त की तरफ से एसडीएम अमित मान, एयरफोर्स कमांडर कपूर जी के साथ मीटिंग की। मीटिंग लगभग 1 घन्टा चली जिसमे एनआईटी.86 फरीदाबाद से संबंधित विभिन्न कार्यों एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों पर चर्चा की गई जिसमें एयरफोर्स रोड 100 मीटर में रिपेयरिंग की अनुमति बारे एयरफोर्स के अधिकारियों संग चर्चा की। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि माननीय न्यायालय ने 100 मीटर के दायरे में अनिधिकृत निर्माण कार्यों पर रोक लगाई है ना की मूलभूत सुविधाओं पर लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने मूलभूत सुविधाओं पर ही रोक लगा दी है जोकि सरासर गलत है। विधायक नीरज शर्मा ने अधिकारियों को बताया कि जैसा कि सरकार के द्वारा 100 मीटर म्यूटेश एंव रजिस्ट्ररी तथा उसके बाद बिजली के नए मीटर लगाने की अनुमति दे दी है। अब लोग मूलभूत




सुविधाओं के अभाव के कारण परेशान है।

विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि 100 मीटर के दायरे में जो पुराने मकान 2012 से पहले बने है उनको जब लोग रिपेयर या दुबारा बनाते है तो उनको नगर निगम द्वारा तोड़ दिया जाता है जोकि गलत है इसलिए ऐसी योजना बनाए ताकि जो पूराने मकान बने है उनको रिपेरिंग की अनुमति मिले। जिसपर एयरफोर्स कमांडर का कहना कि न्यायलय के आदेश के कारण हम 100 मीटर दायरे में पुराने मकानों को पुन निर्माण की अनुमति नही दे सकते है। जिसपर विधायक नीरज शर्मा ने गुरप कमाडंर को बताया कि न्यायलय के आदेशो में कही ऐसा नही लिखा है कि मकानों को पुन बनाने की रोक हो, न्यायलय का आदेश था कि वर्ष 2012 के बाद अनधिकृत मकानों को बनाने पर रोक है। लेकिन अधिकारी न्यायलय के आदेशो को अपने हिसाब से कुछ भी मान लेते है जिसके कारण जनता को परेशानी का सामना करना पडता है। विधायक नीरज शर्मा ने मीटिंग मे कहा कि अगर किसी के जर्जर मकान के कारण कोई हादसा को गया या जान माल की हानि हुई तो क्या प्रशासन उसकी जिम्मेदारी लेगा। इसके बाद मीटिंग में यह निश्चित हुआ है कि नगर निगम वाले वर्ष 2012 से पहले बने मकानों को पुन बनाने एंव रिपेंयरिंग करवाने के लिए एक एसओपी तैयार करके उपायुक्त को सौपेगे उसके बाद एयरफोर्स कमांडर इस बारे उच्च अधिकारियों से निदेश प्राप्ति के बाद कोई निर्णय लेंगे। विधायक नीरज शर्मा ने 100 मीटर के दायरे में रहने वाले लोगो से अपील की है कि जबतक एयरफोर्स की तरफ से मकानों को पुन बनाने एंव रिपेयरिंग की अनुमति जारी नही होती है तबतक वह अपने मकानों को ना तोडे। इस मौके पर उपायुक्त फरीदाबाद की और से अमित मान, एयरफोर्स कमांडर कपूर, नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त गौरव अंतिल, नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त स्वपिल रविंद्र पाटिल, थाना सारन एसएचओ, थाना डबुआ एंव अन्य अधिकारी उपसथित रहे।

# ड्युटी के दौरान जान गवाने वाले एसपीओ मोहनलाल के परिवारजनों को पुलिस आयुक्त ने सौंपा 50 लाख रूपए का चेक

**पुलिस आयुक्त ने पुलिसकर्मी के परिवार के प्रति व्यक्त की संवेदनाएं, इस दौरान एचडीएफसी बैंक के उच्च अधिकारी भी रहे मौजूद**



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** पिछले वर्ष जुलाई माह की 25 तारिख की रात को एक आवारा किस्म के व्यक्ति ने ईंट द्वारा हमला कर दिया था। जिसके बाद एसपीओ मोहनलाल को ईलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था। जहां पर डॉक्टरों की टीम ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

एचडीएफसी बैंक के अनुबंध व पॉलिसी के तहत पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने अपने कार्यालय में एसपीओ मोहनलाल के परिजनों को 50 लाख रुपए के चेक के आर्थिक मदद के लिए परिजनों को दिए। जिसमें मोहन लाल की पत्नी को 40 लाख का, पिता फूलसिंह व माता रामेश्वरी को 5-5 लाख का चेक दिया गया है। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक से गौरव श्रीवास्तव की अकाउंट मैनेजर हेड, नोडल अधिकारी दिवाकर, सहायक मैनेजर रविकुमार, वेलफेयर इंस्पेक्टर राम निवास, सब इंस्पेक्टर महेश कुमार मौजूद थे। पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने एसपीओ स्वर्गीय मोहनलाल के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस विकट परिस्थिति में श्री मोहनलाल के परिजनों की हर संभव मदद की जाएगी। हालांकि जाने वाले की कमी को तो पूरा नहीं किया जा सकता। लेकिन यह आर्थिक मदद कर परिजनों की इस संकट की घड़ी में सहायता करने की एक छोटी सी कोशिश की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 25 जुलाई की रात को सूरजकुण्ड गोलचक्कर पर ड्युटी के दौरान एक आवारा किस्म के व्यक्ति द्वारा ईट से हमला कर दिया था। जिस हमले में एसपीओ ने अपनी जान गवा दी। जांच के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। एसपीओ मोहनलाल पुत्र फूल सिंह सिरसा जिले के रत्ता खेड़ा गांव के रहने वाले थे जिनका जन्म 10 जुलाई 1981 को हुआ। पुलिस विभाग में भर्ती होने से पहले वह एचआईएसएफ में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पुलिस विभाग में वह 20 जुलाई 2017 को भर्ती हुए थे, वह सूरजकुंड थाने में अपनी सेवाएं दे रहे थे। मोहनलाल के दो बच्चे हैं जिसमें एक बेटा और एक बेटी शामिल हैं।


# प्रदर्शन के लिए ग्यारहवीं कक्षा के छात्र गुलशन सम्मानित



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने विद्यालय की ग्यारहवीं कक्षा के छात्र गुलशन को विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। विद्यालय के छात्र गुलशन को सम्मानित करते हुए प्रधानाचार्य मनचंदा ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं एवम गतिविधियों में सभी विद्यार्थियों को प्रतिभागिता के लिए तैयार किया जाता है विद्यालय स्तर पर प्रथम रहने वाले छात्र छात्राओं को ब्लॉक लेवल तथा इसी प्रकार से जिला एवम राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता का अवसर मिलता है। छात्र गुलशन को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने पर विद्यालय परिसर मे आज स्मृति चिन्ह एवम प्रशसति पत्र प्रदान किया जाता है। गुलशन को प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा, सुशीला बेनीवाल और प्राध्यापक पवन ने स्मृति चिन्ह और प्रशसति पत्र प्रदान कर सम्मानित व्यू किया। प्राचार्य और स्टाफ सदस्यों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

# आईएएस संजय जून ने फरीदाबाद डिविजनल कमिश्नर के तौर पर संभाला पदभार



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** आईएएस संजय जून वर्ष 2003 बैच के बैच ने आज मंगलवार को फरीदाबाद के डिविजनल कमिश्नर का कार्यभार संभाल लिया है। मण्डल आयुक्त संजय जून का सर्वप्रथम उन्हें गॉड ऑफ़ ओनर से उनको सम्मानित किया गया। वर्ष 2003 बैच के आईएएस आयुक्त संजय जून ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जन हितैषी नीतियों का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से शुरू किए गए विकास कार्यों को त्वरित गति देते हुए निर्धारित समय सीमा में पूरा कराना उनका पहला लक्ष्य है। बता दें कि आईएएस फरीदाबाद आयुक्त संजय जून हरियाणा सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण व पंचायती राज विभाग में निदेशक के पद पर भी सेवाएं दे चुके हैं। इसके अलावा इन्होंने जिला मेवात, कैथल और जिला झज्जर में डीसी पद, फ़रीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण के सी.ई.ओ, प्रबंध निदेशक, हरियाणा राज्य सहकारी चीनी मिल संघ और महानिदेशक, सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण हरियाणा और सचिव, सरकार, हरियाणा, सैनिक अर्ध सैनिक कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग के सचिव, मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तौर पर और सीईओ, आयुष्मान भारत हरियाणा स्वास्थ्य संरक्षण प्राधिकरण को वित्त विभाग के सचिव के पद पर बेहतर सेवाएं सेवा दे चुके हैं। इस मौके पर एडीसी आनंद शर्मा, सीटीएम अंकित कुमार भी मौजूद रहे। जहां उन्होंने फरीदाबाद मण्डल आयुक्त संजय जून का गर्मजोशी से स्वागत किया।

# फरीदाबाद पुलिस के सभी थाना व चौकी द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में आमजन किया जागरूक

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत फरीदाबाद के तीनों जोन में स्थित सभी थाना व चौकी प्रभारी की टीम के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में आमजन को नशे के दुष्परिणाम साइबर फ्रॉड महिला सुरक्षा व डायल 112 के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद के सेंट्रल, एन आई टी, बल्लभगढ़ जोन की डीपीएस के निर्देशानुसार थाना पुलिस टीम स्कूल, कॉलेज, बस स्टैंड, मार्केट, पार्क व अन्य भीड़ वाले स्थान पर आमजन को उनके बीच पहुंचकर जागरुक कर रही है। आरोपी पीडितो को लैप्स बीमा पॉलिसि का फुल रिटर्न दिलाने के नाम पर,कुछ मिनट में ही लोन देने के लिए, घर बैठे लोन उपलब्ध करवाने का लालच देती हैं और फर्जी ऐप डाउनलोड करता दे, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढवाने के नाम पर, घर बैठे कमाने का लालच, फ्री गिफ्ट, लॉटरी लगना के नाम पर,वाउचर जीतने के नाम पर,्यङ्घष्ट के नाम पर, बैंक कर्मी बनकर, विदेश भेजने के नाम




पर,जाब दिलाने के नाम पर,अलील वीडियो कॉल रिकॉर्ड से ब्लैकमेल कर इत्यादी के नाम पर फ्रॉड करते हैं। बचाव में अगर किसी के पास कोई अज्ञात नम्बर से कॉल आती है तो उसको अपनी जैसे बैंक खाते,पैन, आधारकार्ड, की गोपनीय जानकारी ना दे। अगर किसी भी विभाग से कॉल आए तो पीडित को तुरंत सरकारी नम्बर से सम्पर्क कर जानकारी लेनी चाहिए। किसी भी विदेशी नम्बर से कॉल आए तो नजरअंदाज करे। व्हाट्सएप पर अनजान नम्बर से विडियो कॉल/कॉल आने पर नजरअंदाज करें। किसी की बहकावे में ना आए क्योकि यूट्यूब चैनल को लाइक और सब्सक्राइब करने पर पैसे नही मिलते। नशा समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है। युवा पीढ़ी नशे के दलदल में फंसकर किस प्रकार अपने भविष्य को अंधकार में धकेल रही है।किशोरावस्था में नौजवान युवक शौकिया तौर पर नशा करना शुरू करते हैं परंतु धीरे-धीरे उन्हें इसकी लत पड़ जाती है जिसके पश्चात इसे छोड़ पाना उनके लिए बहुत मुश्किल कार्य हो जाता है। नशा इंसान के स्वास्थ्य के ऊपर बहुत बुरा प्रभाव डालता है जिसकी वजह से उन्हें कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां जकड़ लेती हैं और इंसान को अंदर से खोखला कर देती हैं।

# मृत नवजात शिशु के मामले में महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## सीसीटीवी फुटेज व गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर हुई पहचान

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** थाना सैंट्रल की टीम ने एक आरोपी महिला को नवजात का शव फेंकने की सूचना मिलने के मात्र 3 घंटे के अंदर-अंदर ही पहचान करके काबू करने और नियमानुसार गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है, जिसने मृत पैदा हुए अपने नवजात शिशु को बोरी में बंद करके अजरौंदा गांव व ऑफिसर कॉलोनी की दीवार के पास फेंकने की वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में मंगलवार को अधिक जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 02 मार्च 2024 को पुलिस टीम को गांव अंजरौंदा व ऑफिसर कॉलोनी की दीवार के पास एक बोरी में एक मृत नवजात शिशु का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिस पर थाना सैंट्रल में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318 भा.द.स. के तहत मामला दर्ज किया गया।पुलिस उपायुक्त सैंट्रल के संज्ञान में मामला आते ही आरोपी की पहचान कर जल्द



गिरफ्तार करने के लिए थाना सैंट्रल व पुलिस चौकी सेक्टर-15 की तुरंत दो टीमें गठित की गई।

मामले की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुए गठित पुलिस टीमों ने आरोपी की पहचान करने के भरसक प्रयास शुरू कर दिए। टीम द्वारा स्थानीय लोगों से पूछताछ की गई और सीसीटीवी फुटेज चैक किए गए। जिसके बाद पुलिस के विश्वसनीय सूत्रों व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कामयाबी हासिल करते हुए सूचना मिलने के मात्र 03 घंटे के अंदर-अंदर ही टीम आरोपी महिला की पहचान करने सफल हुई। महिला आरोपी की पहचान बिहार के पूर्णिया की रहने वाली एक महिला के तौर पर हुई। जो वर्तमान में अपने परिवार के साथ अजरौंदा के एक किराये के मकान में रह रही थी। जिसके बाद महिला को नियमानुसार मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। महिला से पूछताछ करने पर जांच में खुलासा हुआ कि महिला के पास पहले से ही दो बच्चे थे। महिला ने 2 मार्च 2024 को एक मृत लडक़े को जन्म दिया था। महिला ने मृत नवजात को विधि अनुसार दाह संस्कार करने की बजाय एक बोरी में बंद करके अवैध तरीके से अजरौंदा में दीवार के पास फेंक दिया था। आरोपी महिला को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# कौशल निगम के नाम पर युवाओं का शोषण कर रही सरकार : राजबीर सोरखी

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** बहुजन समाज पार्टी की संविधान बचाओ सत्ता प्राप्ति संकल्प यात्रा सिरसा लोकसभा में पहुंची। पांचवें दिन हिसार से मंगलवार सुबह रवाना हुई यात्रा को सिरसा में पहुंचते ही भारी जनसमर्थन मिला। लोगों ने पूरे उत्साह के साथ प्रदेशाध्यक्ष राजबीर सोरखी का फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया। यात्रा को मिल रहे जनसमर्थन से विपक्षी दलों की परेशानी बढ़ रही है।

प्रदेशाध्यक्ष राजबीर सोरखी ने कहा कि कौशल रोजगार निगम के नाम पर गठबंधन सरकार युवाओं का शोषण कर रही है। सरकार पक्की नौकरियों में देरी कर रही है तो कौशल निगम के जरिये विदेश में युवाओं को रोजगार देने के बहाने उनकी जिंदगी दांव में पर लगाई जा रही है। प्रदेशाध्यक्ष राजबीर सोरखी ने कहा कि यात्रा पांचवें दिन में प्रवेश कर गई है, जिससे तरह से यात्रा को समर्थन मिल रहा है, उससे विपक्षी खेमा घबराया हुआ है। खासकर



भाजपा-जजपा की गठबंधन सरकार की यात्रा में उमड़ रहे जनसैलाब से नींद उड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि बहुजन नायक साहेब कांशीराम की वैचारिक लड़ाई को बहन कुमारी मायावती के नेतृत्व में लड़ा जा रहा है। बसपा यात्रा के जरिये दलित, शोषित व गरीब वर्ग के हकों की आवाज उठा रही है।

सोरखी ने मध्यप्रदेश के छतरपुर में बसपा नेता की हत्या पर शोक व्यक्त किया। इन्होंने कहा भाजपा की सरकार जिन प्रदेशों में है, वहां पर कानून व्यवस्था बदहाल है और भाजपा सरकार अपराध को बढ़ावा दे रही है। इन्होंने कहा दिवंगत नेता के परिवार को उचित मुआवजा मिलना चाहिए और अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

पांचवें दिन यात्रा का शुभारंभ हिसार के गुरु रविदास छात्रावास से हुआ। यहां से यात्रा ने सिरसा जिले में प्रवेश किया, जहां पर भोड़ा व खाराखेड़ी में यात्रा का जबदस्त स्वागत हुआ। इसके बाद चिंदड, भाणा भोडिया, बनवाली, किरढान, भट्ट, मंदौरी, माखोसरानी, नाथूसरा चौपटा, सिरसा, डींग से होते हुए फतेहाबाद पहुंची, जहां पर यालकी, अहरवा, रतिया, चिमो, नन्हेडी, धारसुल, कुला, अकावाली, जमालपुर शेखा और टोहाना में जोरदार स्वागत हुआ।

प्रदेश प्रभारी सुमेर जांगड़ा ने कहा कि सरकार प्रदेश में कानून व्यवस्था कायम रखने में पूर्ण रूप से विफल हो चुकी है। बसपा की सरकार बनने पर कानून व्यवस्था को बहाल किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में बसपा के शासन में बहन जी ने प्रदेश का चहुमुखी विकास किया था। 15 मार्च को बसपा संस्थापक साहब कांशीराम के जन्मदिन पर करनाल में प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित होगा। वहीं महासचिव रामसिंह प्रजापति ने कहा कि प्रदेश में भाईचारा बनाकर इस बार बसपा सर्वजन के सहयोग से सरकार बनाएगी ।बहन कुमारी मायावती के प्रधान मंत्री बन के बाद ही इस देश में अमन चैन कायम होगा। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव राम कुमार सलवान, प्रदेश सचिव लीलूराम आशाखेड़ा, हरपाल धारसूल, प्रवीण फतेहपुरी, जिला फतेहाबाद के प्रधान कर्मवीर रंगा, सिरसा जिलाध्यक्ष भूषण लाल, प्रभारी धर्मपाल माखोसरानी, पूर्व प्रत्याशी रविंद्र बाल्यान, विक्रम इंदौरा, मनोज अठवाल, राजेश खारा, विकास बनभोरी आदि सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विधायक राजेश नागर ने तिलपत में लाखों रुपये के निर्माण कार्य शुरू करवाए

**विधायक ने कहा, बाबा सूरदास मंदिर में आने वाले भक्तों के लिए एक बड़े हाल का निर्माण कराया है शुरू**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** तिगांव विधायक राजेश नागर ने आज तिलपत स्थित बाबा सूरदास मंदिर एवं गांव तिलपत के श्मसान घाट पर कुछ विकास कार्यों का शुभारंभ करवाया। इस अवसर पर स्थानीय बुजुर्गों के हाथ नारियल फुड़वाकर उन्होंने निर्माण कार्य शुरू करवाया।

इस अवसर पर नागर ने कहा कि तिलपत वाले बाबा सूरदास की भक्तों पर बड़ी कृपा है। यहां हजारों भक्तों का आना होता है। जो कि सर्दी गर्मी बरसात में खुले में बैठने के लिए मजबूर रहते हैं। जिसके लिए स्थानीय निवासियों एवं मंदिर कमेटी के सदस्यों ने यहां एक हॉल के निर्माण की मांग की थी। जिस पर यहां करीब 2000 वर्गफुट में एक बड़ा हॉल बनाने का काम शुरू किया गया है। इस पर करीब 21.5 लाख रुपये की लागत आएगी। इसके साथ साथ गांव के श्मशान घाट में भी एक हॉल व अन्य कार्यों की शुरुआत की गई है।

इस पर करीब 25.90 लाख रुपये की लागत आएगी। विधायक नागर ने कहा कि इस निर्माण कार्य को समय पर पूरा करने के लिए अधिकारी और ठेकेदार को कह दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा विकास की राह पर तेजी से चल रहा है। इसमें जनता का भी बड़ा सहयोग है।

नागर ने जनता से भविष्य में भी अपना आशीर्वाद देने की बात कही। उन्होंने कहा कि मैं आपकी सेवा में हमेशा की तरह मौजूद हूं। इस अवसर पर पुष्कर राज पूर्व सरपंच, जय नारायण वशिष्ठ, बुद्ध राम शास्त्री, बृज गोपाल, विरेंद्र बाबा गौशाला वाले, जागेश खटाना, सचिंद्र कुमार, प्रदीप त्रिपाठी, चंदन कुमार, शीशराम अवाना, सोनपाल गोला, बासुदेव भारद्वाज, देवेंद्र अलग, लोकेश बैसला, प्रहलाद शर्मा, सुधीर नागर आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# खेलो इंडिया गेम्स में पदक जीतने वाली होनहार टेनिस खिलाड़ी जैस्मिन रावत का किया स्वागत



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2024 में लॉन टेनिस प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने वाली होनहार खिलाड़ी जैस्मिन रावत का सम्मान समारोह आयोजित किया गया. डिप्लोमा वेटरनरी एसोसिएशन फरीदाबाद की तरफ से लॉन टेनिस खिलाड़ी जैस्मिन रावत को रजत पदक जीतने पर उनके सेक्टर 11 घर पर जाकर बधाई दी गई तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई. लॉन टेनिस खिलाड़ी जैस्मिन रावत ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में बेहतर प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीत के इलाके का नाम रोशन किया है संगठन के सदस्यों ने जैस्मिन रावत को गुलदस्ता देकर फुल माला पहनकर व मुंह मीठा करवा कर जीत की बधाई दी. इसके अलावा डिप्लोमा वेटरनरी एसोसिएशन फरीदाबाद की तरफ से जैस्मिन रावत को स्मृति चिन्ह भेंट करके भी बधाई दी गई डिप्लोमा वेटरनरी एसोसिएशन हरियाणा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राजबेल देशवाल ने बताया की जैस्मिन रावत लॉन टेनिस की बेहतरीन खिलाड़ी है खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम से पहले भी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी गोल्ड मेडल जीत चुकी है इसी तरह पूरी लगन से जैस्मिन लॉन टेनिस खेलती रही तो एक दिन ओलंपिक में भी पदक जरूर जीतेगी इस अवसर पर जैस्मिन के माता-पिता को भी मुंह मीठा करवा के बधाई दी गई तथा सभी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई गौरव तलब है कि जैस्मिन के पिताजी ओमवीर रावत पशुपालन विभाग में कार्यरत है इस मौके पर संगठन के जिला सचिव श्री यशवंत पूनिया जिला प्रधान नरेंद्र सिंह खंड पशुधन विस्तार अधिकारी डॉक्टर हुकम सिंह लांबा गोविंद राम महेंद्र सिंह प्रवीण लंबा कुणाल आदि सदस्य मौजूद रहे।

# शनिवार को होगा न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन : सीजेएम सुकिर्ती

**विभिन्न अदालतों के केसों के निपटारे आपसी सहमति के इच्छुक न्यायालयों में करें आवेदन**

**राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ दायर नहीं की जा सकती ऊपरी अदालत में अपील**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकिर्ती गोयल ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी आदेश अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप गर्ग के कुशल मार्गदर्शन में 09 मार्च 2024 (शनिवार) को जिला न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जहां विभिन्न अदालतों में विचाराधीन केसों का निपटान लोगों की आपसी सहमति किया जाएगा।

**आपसी सहमति से होता है राष्ट्रीय लोक अदालत में केसों का निवारण:**

सीजेएम सुकिर्ती गोयल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति / राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में दोनों पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र,सस्ते व सुलभ न्याय लोगों को मिलता है। जहां किसी पक्ष की हार नहीं होती। वहीं राष्ट्रीय लोक अदालत में केसों की सुनवाई के फैसलों की कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं।

**राष्ट्रीय लोक अदालत में इन केसों की होती है सुलह:**

सुकिर्ती गोयल ने आगे बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि आपसी सहमति से हल होने वाले मामलों में राष्ट्रीय लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं और राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की भी उतनी ही अहमियत है। जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती।

**धन और समय की होती है बचत:**

सीजेएम सुकिर्ती गोयल ने आगे बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लोगों का बिना समय व पैसा गवाएं केसों का समाधान किया जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में ना तो किसी पक्ष की हार होती है और ना ही जीत बल्कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवादों का समाधान करवाया जाता है।

**यहाँ करें आवेदन:**

सीजेएम ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निपटारे के लिए इच्छुक व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय (एडीआर सेंटर) या जिला के उन न्यायालयों में आवेदन कर सकते हैं। जिस अदालत में मामला विचाराधीन है। उस अदालत में भी आवेदन किया जा सकता हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी कार्य दिवस में सुबह 09:30 बजे से सायं 05:00 बजे तक कोई भी व्यक्ति न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकता है। लोक अदालत के आयोजन तक जिला न्यायालय परिसर के मुख्य गेट के अंदर हेल्प डेस्क पर जाकर भी किसी भी तरह की कानूनी जानकारी ले सकता है।

# शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत बल्लभगढ़ विधानसभा में नारी शक्ति द्वारा बाइक एवं पदयात्रा रैली निकाली




**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लबगढ़।** शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत बल्लभगढ़ विधानसभा में नारी शक्ति द्वारा बाइक एवं पदयात्रा रैली निकालकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेते हुए जयकारों के साथ रेली में भाग लिया। इस मौके पर परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा के बड़े भाई श्री टिपरचंद शर्मा ने रैली में भाग लेने वाली महिला शक्ति को पगड़ी पहनाकार उनका स्वागत किया और यात्रा को रवाना किया। इस अवसर पर बल्लभगढ़ शक्ति वंदन कार्यक्रम के संयोजक संजय शर्मा,पूर्व जिला अध्यक्ष फरीदाबाद गोपाल शर्मा, बल्लभगढ़ मंडल के अध्यक्ष कैलाश वशिष्ठ आदर्श नगर मंडल के अध्यक्ष गजेंद्र वैष्णव, मुजेसर मंडल के अध्यक्ष अनुराग गर्ग ग्रीवेंस कमेटी की सदस्य गायत्री देवी, रोहतक लोकसभा की सह प्रभारी सुभलेश मालिक के अलावा राकेश गुर्जर, नवीन चेची, संजीव बैंसला, सतवीर शर्मा, संजय शर्मा महामंत्री, प्रेम मदान, बबली प्रधान ,विनोद गोस्वामी, पीएल शर्मा, शिवप्रसाद, अंबिका शर्मा, पुष्पा शर्मा, सीमा, ज्योति कपूर, सुदर्शन, मीनू भाटी, आरती, महेंद्र तेवतिया सहित सैकड़ो की संख्या में महिला शक्ति मौजूद रही। यह यात्रा अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ से शुरू होकर चावला कॉलोनी शिव मंदिर स्थित पूर्व में नियर रही अनीता गोस्वामी के कार्यालय पर संपन्न हुई। भाजपा नेता श्री टिपरचंद शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश और दुनिया में नारी शक्ति का सम्मान बढ़ाने का काम किया है। आगामी लोकसभा के चुनाव की तैयारी को मद्देनजर महिला मोर्चा ने यह रैली निकाली है ,जिसके लिए उन्होंने सभी महिलाओं को बधाई दी है।

# रेलवे रोड ही हालत हुई जर्जर, दैनिक यात्री आए दिन होते हैं परेशान

**सड़क की हालत को जर्जर देखते हुए आरडबल्यूए के प्रधान ने कार्यकारी अभियंता को सौंपा ज्ञापन**



**समाचार गेट/सचिन भारद्वाज**

**होडल।** राष्ट्रीय राजमार्ग सर्विस रोड से रेलवे स्टेशन तक जाने वाला सडक मार्ग पिछले काफी समय से क्षतिग्रस्त हुआ पडा है। जिसके कारण दैनिक यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इस मामले को लेकर कई बार लोक निर्माण विभाग के अलावा अन्य अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका है। अब रेजीडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान रमनलाल पंखीया ने लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता रितेश यादव को ज्ञापन सौंपा और समस्या का जल्द से जल्द समाधान कराए जाने की मांग की। आरडबल्यूए के प्रधान रमनलाल ने बताया कि रेलवे स्टेशन तक जाने वाला सडक मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। उक्त मार्ग में जगह जगह गहरे गढढे बने हुए हैं। रेलवे स्टेशन तक जाने वाले हजारों यात्रियों का आवागमन भी इसी रास्ते से होता है, लेकिन सडक मार्ग जर्जर होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पडता है। कई बार वाहन चालक गहरे गढढों से बचने के चक्कर में विपरीत दिशा में चलते हैं और दुघर्टना का शिकार हो जाते हैं। प्रधान ने बताया कि उक्त सडक मार्ग के निर्माण के दोरान नालियों का निर्माण भी नहीं कराया गया,जिसके कारण आसपास की कालोनियों का गंदा पानी रास्ते में ही भरा रहता है। उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन तक सडक में गढढे अधिक और सडक कम दिखाई देती है। यहां से निकलने वाले पैदल यात्री और दुपहिया वाहन चालक आए दिन दुघर्टना का शिकार होते रहते हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में पहले भी कई बार शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन समस्या ज्यों कि त्यों बनी हुई है। उन्होंने विभागीय अधिकारी से क्षतिग्रस्त रास्ते का निर्माण कराए जाने की मांग की है। जिस पर विभागीय अधिकारी ने शीघ्र कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया।

# गांव गढी पटटी में नालियों का गंदा पानी गलियों में बह रहा है जिसके कारण लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर




**समाचार गेट/सचिन भारद्वाज**

**होडल।** नगर परिषर के अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के कारण शहर में जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। नालियों की कई कई महीनों तक सफाई नहीं होने के कारण कालोंनियों में तीव्र बदबू उठती रहती है। जिसके कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पडता है। प्रदेश सरकार द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था और विकास के लिए करोडों रुपए उपलब्ध कराए जाने के बावजूद लोग नारकीय जीवन जीने को विवश हैं।

परिषद के अधिकारी और कर्मचारी सरकार की नीतियों को पलीता लगाने में जुटे हुए हैं। कर्मचारियों की लापरवाही से शहर ही नहीं बल्कि गढी पटटी के लोग भी परेशान हैं। गढी पटटी के वार्ड न. 9 में गंदगी के अम्बार लगे हुए हैं और नालियों का गंदा पानी घरों के सामने भरा रहता है। वार्ड के लोगों का कहना है कि इस मामले में कई बार नगर परिषद से लेकर विभागीय उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन समस्या ज्यों कि त्यों बनी हुई है। वार्ड निवासी अधिवक्ता जयसिंह सौरोत, तुहीराम, सतपाल, हरीमोहन, खैमचन्द आदि ने बताया कि गढी पटटी में खेडा देवत मंदिर जाने वाले रास्ते में पिछले काफी समय से नालियों की सफाई तक नहीं की गई है, जिसके कारण घरों से निकला गंदा पानी ओवर फिलो होकर रास्ते में भरा रहता है। पानी के कारण यहां सडक भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है। गंदे पानी के कारण घरों में रहना दूभर हो चुका है। मक्खी मच्छरों का प्रकोप बना रहता है, जिसके कारण वार्ड में बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। रास्ते में भरे गंदे पानी के कारण लोगों को नारकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड रहा है। वार्ड वासियों ने बताया कि या तो नगर परिषद के अधिकारी उनकी समस्या को सुनते नहीं है या फिर लोगों को यह कहकर चलता कर देते हैं कि गढी पटटी अभी नगर परिषद के रिकार्ड में नहीं है। लोगों का कहना है कि जब इस मामले में नगर परिषद के अधिकारियों से मिलने पहुंचते हैं तो परिषद के कार्यालय में जाने के लिए तीन मंजित ऊपर चढना पडता है और उसके बावजूद वहां अधिकारी मौजूद नहीं मिलते हैं। वार्ड के लोगों का कहना है कि अब वह इस मामले में जिला उपायुक्त से मिलेंगे और समस्या का समाधान कराने की मांग करेंगे।

# ये एंटी-एजिंग फूड, चेहरे पर नहीं आने देते झुर्रियां



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** यौवन और सुंदरता को हर कोई लंबे समय तक बनाए रखना चाहता है। लेकिन यूवी किरणें, स्किन केयर की गलत आदतें, प्रदूषण और अन्य कारक आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचाते हैं और उम्र तेजी से बढ़ने का कारण बनते हैं। खासतौर से महिलाओं के चेहरे पर समय से पहले फाइन लाइन्स और रिंकल्स नजर आने लगे हैं।

इसके लिए हम पर्यावरण को जिम्मेदार मानते हैं, लेकिन आपकी आहार संबंधी आदतें भी त्वचा की बनावट पर उतना ही प्रभाव डालती है। हम बढ़ती उम्र को रोक नहीं सकते, लेकिन पौष्टिक आहार के साथ हेल्दी लाइफस्टाइल को अपनाकर इसके प्रभाव को कम कर सकते हैं। अगर आप भी साफ, चमकदार और जवां दिखने वाली त्वचा चाहती हैं, तो यह जरूरी है कि आप अपने आहार में एंटी-एजिंग खाद्य पदार्थों को भी शामिल करें। यहां ऐसे एंटी-एजिंग खाद्य पदार्थों के बारे में बताया गया है, जो त्वचा को स्वस्थ और युवा बनाए रखने के लिए बहुत जरूरी हैं। तो आइए जानते हैं इन एंटी एजिंग फूड्स के बारे में।

**एवोकाडो**

ओमेगा-3 फैटी एसिड और मोनोअनसैचुरेटेड फैट से भरपूर एवोकाडो गुणों की खान है। ये आवश्यक पोषक तत्व न केवल त्वचा के स्वास्थ्य को पोषित करते हैं, बल्कि बेहतरीन मॉइस्चराइजर के रूप में भी काम करते हैं।

**तरबूज**

विटामिन सी, लाइकोपीन और पोटेशियम से भरपूर, तरबूज सेल्स को हाइड्रेट और पोषण देता है। इसके अलावा यह एंटी एजिंग से जुड़ी समस्या के लिए भी फायदेमंद है। इसके सेवन से त्वचा की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया में देरी होती है।

**दही**

त्वचा को चमकदार और एजिंग से बचाने के लिए दही का रोजाना सेवन जरूरी है। कैलशियम और प्रोबायोटिक्स से भरपूर, दही की लैक्टिक एसिड सामग्री एक्सफोलिएशन में हेल्प करती है। जिससे लंबे समय तक चेहरे पर चमक बनी रहती है।

**बादाम**

ल्थलाइन के अनुसार, बादाम जैसे नट्स में विटामिन ई होता है जो स्किन टिश्यू की रिपेयरिंग में मदद करता है। बता दें कि विटामिन ई एक पॉवरफुल एंटीऑक्सीडेंट है, जो झुर्रियों को कम करने के अलावा स्किन को यंग और ग्लोइंग बनाए रखने के काम आता है।(स्रोत: समाचार एजेंसी)

# सपोर्टिंग रोल में होंगे जॉनी डेप? फैंस बोले- हम फिल्म नहीं देखेंगे!



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** क्या आप जॉनी डेप के बिना पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन फिल्म की कल्पना कर सकते हैं? क्या आप कैप्टन जैक स्पैरो के किरदार में किसी और एक्टर के बारे में सोच सकते हैं? या फिर क्या आप उन्हें इस मूवी में सपोर्टिंग रोल में इमेजिन कर सकते हैं? अगर आपका जवाब है नहीं, तो ये रिपोर्ट आपको निराश कर सकती है।

इस मूवी के छठवें पार्ट को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है, आइये जानते हैं। एक दिन की शूटिंग के बावजूद कथित तौर पर जॉनी को फैंटास्टिक बीस्ट्स 3 से हटा दिया गया था। पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन फ्रेंचाइजी को आगे लेकर जाने के लिए डिज्नी (प्लस हॉटस्टार) कई आइडियाज पर काम कर रहा है। मार्गोट रॉबी स्टारिंग एक स्पिन-ऑफ की अनाउंसमेंट की गई थी, लेकिन बाद में इसे बंद कर दिया गया। द लास्ट ऑफ अस के को-क्रिएटर क्रेग माजिन ने ये भी दावा किया कि स्टूडियो ने छठी फ्रेंचाइजी के लिए उनके आइडिया को मंजूरी दे दी है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि या घोषणा नहीं हुई है। एक्स/ट्विटर पर सूत्र डैनियल रिचटमैन के माध्यम से द हॉलीवुड हैंडल के अनुसार, डिज्नी अब पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन 6 में जॉनी डेप को कास्ट करने पर विचार कर रहा है। हालांकि, इस कहानी में एक ट्विस्ट है। क्योंकि वो फिल्म में कथित तौर पर सपोर्टिंग रोल में नजर आएंगे।

**फैंस नहीं हैं खुश**

ये खबर सुनकर जॉनी डेप के फैंस बहुत निराश हैं। एक ने लिखा, जॉनी डेप इसे कभी नहीं लेंगे। ट्रायल्स के दौरान उन्होंने उनके साथ कैसा व्यवहार किया इसके बाद नहीं। एक यूजर ने लिखा, सपोर्टिंग रोल? ना।

ये जैक स्पैरो है, इसीलिए लोग फिल्में देखते हैं। एक यूजर ने तो ये भी कह दिया है कि अगर जॉनी इस फिल्म के स्टार नहीं होंगे तो वो फिल्म देखने नहीं जाएंगे।(स्रोत: समाचार एजेंसी)

## संपादकीय

# सुप्रीम कोर्ट ने खींची सीमा

सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर एक बेहद महत्वपूर्ण फैसले के जरिए देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को दिशा देने की कोशिश की है। इस बार मामला सांसदों को मुकदमा चलाए जाने से मिली संवैधानिक छूट का था। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिए फैसले में इस छूट की सीमाएं रेखांकित करते हुए स्पष्ट किया कि कानून के शासन की राह में किसी तरह का अड़ंगा स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।

**JMM घूस मामला :** यह पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव के कार्यकाल से जुड़ा एक मामला था, जिसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसदों पर रिश्वत लेकर सरकार के पक्ष में वोट डालने का आरोप था। 1998 में इस मामले में दिए फैसले में सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यों की पीठ ने सांसदों पर मुकदमा चलाए जाने पर यह कहते हुए रोक लगा दी थी कि उन्हें संविधान के तहत मुकदमे से छूट हासिल है। अब सात सदस्यों की संविधान पीठ ने इस फैसले को पलट दिया है।

**कानून से ऊपर कोई नहीं :** भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) डी वाय चंद्रचूड़ की अगुआई वाली संविधान पीठ का यह तर्क महत्वपूर्ण है कि सांसदों को जो छूट दी गई है, वह विधायिका के कामकाज के सुचारू संचालन से ही संबंधित है। उसे किसी भी सूरत में रिश्वत लेने की आड़ के तौर पर इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। ऐसा किया गया तो सांसदों और विधायकों की एक ऐसी बिरादरी बन जाएगी, जो कानून के ऊपर मानी जाने लगेगी।

**फैसले की टाइमिंग :** यह फैसला ऐसे समय आया है, जब देश में आम चुनाव की घोषणा होने वाली है। जाहिर है, ऐसे माहौल में इस फैसले का भी कुछ न कुछ चुनावी असर होने की संभावना नकारी नहीं जा सकती। दलगत समीकरणों से अलग हटकर कहा जा सकता है कि चाहे जिसे भी वोटों का जो भी नफा-नुकसान हो, इस तरह के फैसले अगर चुनावी मुद्दा बनते हैं तो आखिरकार राजनीति के शुद्धिकरण में मदद ही करेंगे।

**नजरिया सीमित न हो :** लेकिन यह मुद्दा स्वस्थ बहस की ओर ले जाए, इसके लिए जरूरी है कि इसे संकीर्ण नजरिये से न देखा जाए। सवाल यह है कि अगर पैसे का या तोहफों का लेनदेन रिश्वत है तो फिर मंत्री पद या चुनावी टिकट या किसी और चीज के प्रलोभन में दलबदल या क्रॉस वोटिंग करना और कराना क्या है? अगर इसे रिश्वत मानेंगे तो उसकी पहचान कैसे करेंगे? और फिर, इन कथित प्रलोभनों या पॉलिटिकल करियर में ऊंचाई हासिल करने की आकांक्षाओं से अलग राजनीति कैसे विकसित करेंगे?

**तैयार जवाब नहीं :** जाहिर है, इन कठिन सवालों के जवाब किसी के पास नहीं हैं। लेकिन अगर राजनीति को स्वच्छ बनाना है तो इन सवालों से दो चार होना पड़ेगा।

# पार्टी कार्यकर्ता चुनाव के लिए रहे तैयार

## ओबीसी मार्चा की बैठक में हलका विधायक ने दिए दिशा-निर्देश

### 9 मार्च को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का महेंद्रगढ में होगा आगमन



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** सभी कार्यकर्ता केंद्र एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी नीतियों को आमजन तक पंहुचाने के लिए ग्रामीण मध्य पंहुच जाएं। ये विचार अटेली के हलका विधायक सीताराम यादव ने मंगलवार को पंचायत समिति कनीना के सभागार में आयोजित ओबीसी मोर्चा की बैठक में व्यक्त किए। सैकंडों कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा किसी भी समय हो सकती है। जिसे लेकर सभी कार्यकर्ता तैयार रहें। सीताराम यादव ने कहा कि सरकार कौशल रोजगार को बढावा देने के लिए प्रयासरत है। पीएम विश्वकर्मा योजना असहाय एवं कारीगरों की किस्मत पलटने वाली योजना है। इसके माध्यम से सरकार 15 दिन का प्रशिक्षण देगी। प्रशिक्षण प्राप्तकर्ता को 500 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से भत्ता दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद रोजगार सम्बंधी उपकरण खरीदने के लिए एक लाख रूपये की राशी 5 फीसदी दर से लोन स्वीकृत किया जाएगा। लेनदेन ठीक रहने पर योजना अनुसार 30 लाख रूपये तक की राशि प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि आगामी 9 मार्च को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव महेंद्रगढ में जनसभा को सम्बोधित करेगें। जिसके लिए सभी कार्यकर्ता वहां पंहुचे। बैठक में उपस्थित अटेली हलका विस्तारक चित्रकुमार सभ्रवाल एवं ओबीसी मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्षा शारदा देवी ने कहा कि ओबीसी मोर्चा के राष्टीय अध्यक्ष के लक्ष्मण तथा कर्णदेव कंबोज के नेतृत्व में देश के सभी 28 राज्यों के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दो-दो कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए तैयार किया जा रहा है वहीं जन हितैषी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पंहुचाया जा रहा है। जागरूक्ता कार्यक्रम को लेकर ओबीसी मोर्चा कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इस मौके पर पंचायत समिति चेयरमैन जेपी यादव,देवदत जांगडा,सूबेदार मुनीलाल शर्मा, कंवरसैन वशिष्ठ, पंडित श्रीराम शर्मा, सुरेश शर्मा,मनोज यादव,राहुल मित्तल,रामेश्वर दयाल,अनिल यादव,दीपक कुमार,प्रदीप कुमार, पूनमचंद शर्मा,रविंद्र सिंह सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट छोडने की मांग को लेकर सेहलंग-बागोत में ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना जारी




**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बागोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को 359वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता लक्ष्मण सिंह सेहलंग ने की। धरना संघर्ष समिति के अयक्ष विजय सिंह ने बताया कि सर्दी के बीच ग्रामीण धरना देने पर मजबूर हैं। सरकार द्वारा आश्वासन देने के बावजूद इसका कार्य शुरू नहीं कर रही है। जिससे धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों की पीड़ा बढ रही है। जब तक कट बनाने का काम शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर सतपाल सिंह, शेरसिंह, नरेंद्र शास्त्री,हरिओम पोता, बेड़ा सिंह,धर्मपाल सिंह,विजयपाल,मुंशी राम, सूबेदार सुखबीर सिंह, सूबेसिंह, बाबूलाल, रुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, सुबेसिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश हाजिर थे।

# केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने अग्रिम पंक्ति के श्रमिकों को किया सम्मानित




**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** बिजली मंत्रालय ने नई दिल्ली में लाइनमैन दिवस का चौथा संस्करण मनाया। इस दिन को लोग लाइनमैन और ग्राउंड मेंटीनेंस स्टाफ के समर्पण और सेवा को सम्मानित करते हैं। ये कर्मचारी देशभर में बिजली का वितरण करने में मदद करते हैं। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 40 से अधिक राज्यों और कंपनियों के 150 से अधिक लाइनमैन और लाइनवूमैन ने दिल्ली का दौरा किया। इससे उन्हें सम्मानित और प्रशंसा मिली।

कार्यक्रम के दौरान लाइनमैनों को विचारों का आदान-प्रदान करने और सुरक्षा सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने, बिजली उद्योग के भीतर सामूहिक शिक्षा को बढ़ावा देने का भी अवसर मिला। विभिन्न सुरक्षा उपकरणों और औजारों के एक विशेष प्रदर्शन की व्यवस्था की गई, जिससे जिसने अतिथियों को लागू की गई सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में अधिक जानने और साझा करने में सक्षम बनाया। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में दिखाए गए वीडियो में विभिन्न ट्रांसकोस और डिस्कॉम द्वारा कार्यस्थल सुरक्षा और घटनाओं की रोकथाम के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस सहयोगात्मक प्रयास ने लाइनमैन को अपने साथियों से अंतर्दृष्टि प्राप्त करने, अपने दृष्टिकोण को व्यापक बनाने और प्रभावी सुरक्षा प्रोटोकॉल को सुदृढ़ करने के लिए सशक्त बनाया, जिससे सभी के लिए एक सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा मिला।

**बिजली क्षेत्र के लाइनपर्सन हमारे देश की बिजली व्यवस्था के सबसे मजबूत स्तंभ हैं**

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री घनश्याम प्रसाद ने मुख्य भाषण देते हुए कहा, बिजली क्षेत्र के लाइनपर्सन हमारे देश की बिजली प्रणाली के सबसे मजबूत स्तंभ हैं। लाइनमैन दिवस का आयोजन उनके समर्पण और निरंतर सेवा के लिए हमारी गहरी सराहना पर जोर देता है। इन फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत को पहचानने के पीछे का उद्देश्य उन्हें सुरक्षा के बारे में शिक्षित करना और अपने अनुकरणीय प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रेरित करना है। महिलाओं द्वारा लैंगिक रूढ़िवादिता को तोड़ने के साथ, लाइनवुमेन तकनीशियनों और इंजीनियरों के रूप में सेवा करने वाली नौ महत्वाकांक्षी महिलाओं का स्वागत करना खुशी की बात है। बिजली क्षेत्र की ये पेशेवर महिलाएं बिहार, कर्नाटक, ओडिशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तराखंड के डिस्कॉम और ट्रांसको से संबंधित थीं। टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के सीईओ श्री गणेश श्रीनिवासन ने कार्यक्रम में कहा : हमें इस राष्ट्रव्यापी पहल का नेतृत्व करने पर गर्व है और बिजली क्षेत्र के इन अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं के समर्पण और सेवा का सम्मान करने के लिए एकजुट होने वाली 40 से अधिक ट्रांसमिशन और वितरण कंपनियों की जबरदस्त भागीदारी देखकर खुशी हो रही है। लाइनमैन दिवस के पिछले तीन संस्करणों की सफलता और बिजली क्षेत्र में अन्य ट्रांसमिशन और वितरण साथियों को आग्रह करने और प्रोत्साहित करने में केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा निरंतर समर्थन के परिणामस्वरूप इस वर्ष राष्ट्रीय राजधानी में 170 से अधिक लाइनपर्सन को सम्मानित किया गया। इन चार वर्षों में लाइनमैन दिवस एक राष्ट्रीय आंदोलन बन गया है।

# सरसों के कट्टे चोरी करने के आरोप में पुलिस ने राजगढ से महिला को किया गिरफ्तार

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** पुलिस के विशेष दस्ते तथा थाना सदर कनीना की पुलिस टीम ने सरसों चोरी के मामले में संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान काली वासी पड़तल के रूप में हुई है। पुलिस ने महिला को राजस्थान के राजगढ़ से गिरफ्तार किया है। जो सरसों चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद राजगढ़ में किराए पर रह रही थी। पुलिस द्वारा महिला से पूछताछ की जा रही है। सरसों चोरी के आरोप में पुलिस द्वारा तीन आरोपियों बलजीत वासी बहु झोलरी, राहुल उर्फ मिरगला वासी मौहल्ला गुलाबी बाग रेवाड़ी और नरेंद्र उर्फ ढिल्लू वासी आलमपुर थाना तोशाम को गिरफ्तार कर चुकी है। अजीत वासी गांव खैराना ने भोजावास गांव की सीमा में ट्युबल पर मकान से सरसों के कट्टे चोरी करने की शिकायत दर्ज कराई गई थी।

# नौकरी लगवाने के नाम पर 27.90 लाख रूपये की धोखाधडी करने वाले को धरा

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** नौकरी लगवाने के नाम पर करीब 27.90 लाख रूपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में आर्थिक अपराध जांच शाखा की पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान सतपाल वासी दिनोद,जिला भिवानी हाल आबाद निहाल विहार दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को निहाल विहार दिल्ली क्षेत्र से गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया। इस बारे में कनीना थाना अंतर्गत गांव भोजावास निवासी सतबीर ने पुलिस को शिकायत में कहा था वह खेतीबाडी का कार्य करता है। वर्ष 2022 में उसकी मुलाकात सतपाल वासी वार्ड नम्बर 14 लोधी पन्ना मोहल्ला गांव दिनोद भिवानी से अनजाने में हुई थी। उस दौरान आरोपी पुलिस की वर्दी में था, जिसने अपने आप को एसएचओ भिवानी बताया था और कहा था कि वह उंची पहुंच वाला आदमी है, कोई पढा लिखा लड़का है तो वह उसको नौकरी लगवा सकता है, जिसकी एवज में पैसे देने होगे। इसके बाद आरोपित गांव भोजावास में स्कूटी पर गया और मेडिकल की दुकान पर शिकायतकर्ता से मिला और 7 लाख रुपए में शिकायतकर्ता के बेटे को एसएससी में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। आरोपी ने जब शिकायतकर्ता से पैसे लिये तब कपिल ने उसके प्रभाव में आकर नौकरी लगने की इच्छा जाहिर की, उससे नौकरी लगवाने के नाम पर 10,40 लाख रूपये ले लिए। आरोपी व्यक्ति ने शिकायतकर्ता सहित पांच अन्य व्यक्तियों से नौकरी लगवाने के नाम पर 27.90 लाख रूपये की धोखाधड़ी की। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू की थी। पुलिस अधीक्षक ने केस की जांच आर्थिक अपराध जांच शाखा पुलिस टीम को सौंपी थी। जिसे काबू कर रिमांड पर लिया गया है।

# महिला महाविद्यालय उन्हानी की छात्राओं ने किया बाघा बॉर्डर व अमृतसर भ्रमण



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राजकीय महिला महाविद्यालय उन्हाणी की छात्राओं ने अमृतसर स्वर्ण मंदिर का दौरा किया। प्राचार्य डॉ विक्रम सिंह ने बताया कि आईजीयू मीरपुर द्वारा आयोजित परीक्षाओं में टॉपटेन में स्थान हासिल करने के बाद छात्राओं का दल अमृतसर शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। दल में शामिल प्रतिभावान छात्राओं ने बाघा बॉर्डर पर बीएसएफ की ओर से प्रतिदिन सांय आयोजित होने वाली रिट्रीट सेरेमनी में हिस्सा लिया। यह राष्ट्रीय गौरव एवं मनोरंजन का साधन भी है। उसके बाद छात्राओं ने स्वर्ण मंदिर तथा जलियांवाला बाग का भ्रमण किया। महाविद्यालय के प्राचार्य तथा प्राध्यापकों ने कहा कि शैक्षिक यात्रा के माध्यम से विद्यार्थियों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। भ्रमण में डॉ.सीमा देवी,प्रो.हरपाल सिंह,सुषमा यादव शामिल थे।

# सचिव विवेक भारद्वाज ने दूसरे पेसा क्षेत्रीय सम्मेलन का किया उद्घाटन




**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज ने झारखंड के रांची में पंचायत एक्सटेंशन ओवर शेड्यूल एरियाज़ एक्ट, 1996 (पेसा अधिनियम) को मजबूत करने पर दूसरे दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में, विवेक भारद्वाज ने सामाजिक मुद्दों को संबोधित करने, विवादों को सुलझाने, प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन और स्थायी तरीके से आर्थिक सशक्तिकरण के प्रयासों को बढ़ावा देने में पेसा अधिनियम द्वारा सशक्त ग्राम सभाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पेसा अधिनियम के कुशल कार्यान्वयन से पारंपरिक जीवनशैली को मजबूत करने और सामाजिक बुराइयों को कम करने का मार्ग प्रशस्त होगा। भारद्वाज ने कहा कि पंचायती राज मंत्रालय ने पेसा अधिनियम की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए संबंधित विभागों और हितधारकों के साथ बैठक करने और सहयोग करने की पहल की है।


विवेक भारद्वाज ने प्रतिभागियों को एक सहयोगी माहौल को बढ़ावा देने के लिए दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन के दौरान अपने विचार, अनुभव और सुझाव साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया, जहां विविध दृष्टिकोणों पर विचार किया जा सके, जिससे अधिक व्यापक और प्रभावी रणनीतियां बन सकें। पेसा पर आगामी राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य सर्वसम्मत सहमति के आधार पर पेसा अधिनियम के कार्यान्वयन को सुव्यवस्थित और तेज करने के लिए पुणे और रांची में आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलनों के दो संस्करणों से प्राप्त इनपुट्स को शामिल करना है। मंत्रालय का व्यापक उद्देश्य पेसा अधिनियम के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, ग्राम सभाओं को सशक्त बनाना और अधिनियम में कल्पना के अनुसार जनजातीय समुदायों तक लाभ पहुंचाना है।

भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा 4 एवं 5 मार्च 2024 को रांची में क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। डॉ. चंद्र शेखर कुमार, अपर सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, डॉ. राजीव अरुण एक्का, अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार, श्रीमती ममता वर्मा, संयुक्त सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, जितेंद्र कुमार सिंह, सचिव, उद्योग विभाग, झारखंड सरकार और झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग की निदेशक श्रीमती नेशा उराँव भी इस अवसर पर उपस्थित थीं।

पंचायती राज मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव डॉ. सी. एस. कुमार ने मंत्रालय के प्रयासों की रूपरेखा प्रस्तुत की, जिसमें पेसा राज्यों में पेसा अधिनियम के कार्यान्वयन पर नज़र रखने के लिए एक निगरानी पोर्टल का विकास भी शामिल है। योजनाओं के अभिसरण और स्वयं के स्रोत राजस्व (ओएसआर) को बढ़ाने के महत्व पर जोर देते हुए, उन्होंने राज्यों से पीईएसए राज्यों में ग्राम पंचायत विकास योजनाओं (जीपीडीपी) के लिए संसाधनों का प्रभावी ढंग से लाभ उठाने का आग्रह किया।

झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजीव अरुण एक्का ने सामाजिक शांति बनाए रखने में पारंपरिक प्रणालियों के महत्व पर प्रकाश डाला और ग्राम सभाओं को मजबूत करने के माध्यम से विकास और प्रगति की संभावना को रेखांकित किया। उन्होंने सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए आदिवासी समुदायों के लिए लाभ सुनिश्चित करने, पेसा अधिनियम को तुरंत और समर्पित रूप से लागू करने के लिए झारखंड की प्रतिबद्धता पर विश्वास व्यक्त किया।

# शरीर को बना देते हैं बीमारियों का अड्डा, ये फूड्स



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** रोजाना पौष्टिक और संतुलित आहार लेना बीमारियों से दूर रहने में मदद करता है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (WHO) के अनुसार, पोषण से भरपूर आहार में दालें, हरी सब्जियां और फल, अनाज (जौ, चावल, गेहूं, मक्का या राई) और पशु प्रोटीन (अंडे, मांस, दूध और मछली) जैसे खाद्य पदार्थ शामिल होने चाहिए लेकिन कभी-कभी, जो चीजें हेल्दी लगती हैं, वे हमेशा फायदेमंद नहीं होतीं। न्यूट्रिशनिस्ट और डाइटीशियन सिमरन चोपड़ा ऐसे ही पांच हेल्दी फूड्स के बारे में बता रही हैं, जिन्हें वह खाने से बचने की सलाह देती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर कुछ खाद्य पदार्थों के बारे में बताया है, जो असल में हेल्दी तो हैं लेकिन सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### डाइट फूड

डाइट फूड या वजन कम करने के लिए लेबल वाले प्रोडक्ट इन्हें पसंद नहीं हैं, इन्हें सिर्फ महिलाओं के लिए बनाए जाते हैं। वास्तव में ऐसे फूड्स सिर्फ मार्केटिंग का खेल हैं। उनका कहना है कि ये कैलोरी से भरपूर अन्य खाद्य पदार्थों से अलग नहीं हैं और यह भ्रम पैदा करते हैं कि अगर कोई व्यक्ति डाइट फूड खाता है, तो वह उन्हें बड़ी मात्रा में खा सकता है।

### चिक्की

सिमरन चोपड़ा एक अन्य लोकप्रिय स्नैक, चिक्की को भी बहुत ज्यादा मीठा होने के कारण खाने से मना करती हैं। उनका कहना है कि इसका सिर्फ एक टुकड़ा ही काफी होता है। उनकी जगह क्या लें? उनका सुझाव है कि आप राजगीरा खा सकते हैं।

### एनर्जी बार

सिमरन चोपड़ा का दावा है कि इन एनर्जी बार में आमतौर पर 100 से ज्यादा कैलोरी होती हैं और ये शुगर में बहुत अधिक होती हैं। उनका कहना है कि जब उन्हें एनर्जी कम लगती है, तो वह इसके पीछे के कारण को जानने और समस्या को हल करने की कोशिश करती हैं। सिमरन का मानना है कि एनर्जी बार की जगह केला या सेब खाने से उनकी कैलोरी और शुगर के सेवन को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

### स्मूदी बाउल्स

सिमरन चोपड़ा के अनुसार, इसमें लगभग 700 कैलोरी होती हैं और इनमें बहुत अधिक मात्रा में शुगर भी हो सकती है। इसके बजाय, उन्होंने सभी को सलाह दी कि वे अपने कैलोरी सेवन के अनुसार किसी डायटीशियन से सलाह लें। उन्होंने दावा किया कि अगर सही तरीके से पालन किया जाए, तो इससे वजन कम करने में भी मदद मिल सकती है।

### ग्रैनोला

सिमरन चोपड़ा ने बताया कि इसमें मौजूद ज्यादातर पोषक तत्व दूध से ही आते हैं। उन्होंने कहा कि इसके बजाय घर पर बनाया गया सीरियल मिक्स बेहतर ऑप्शन है। दूध के साथ एक कटोरी में थोड़ा सा शहद या कुछ फलों का टॉपिंग चीनी डालने के बजाय मिठास लाने में मदद करेगा। हालांकि, यह ध्यान रखें कि ग्रैनोला कई लोगों का पसंदीदा नाश्ता हो सकता है, इसलिए सिमरन कम कैलोरी वाली ग्रैनोला रेसिपी चुनने का सुझाव देती हैं।(स्रोतः समाचार एजेंसी)

# डोनाल्ड ट्रंप की नातिन और बेटी इवांका का बदला अंदाज



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** दिलबर है, दिलकश है, दिलदार नजारे हैं, आज जमीन पर उतरे कितने सितारे है... अगर अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग फंक्शन को कम शब्दों में बांधना हो तो, यह दो लाइनें एकदम फिट बैठती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि पिछले दिनों जामनगर में नेशनल से लेकर इंटरनेशनल सेलेब्स का तगड़ा हुजूम देखने को मिला। राधिका-अनंत के लिए रखी गई पार्टी में न केवल पूरा बॉलीवुड पहुंचा था बल्कि फेसबुक के ष्टश्वह्र मार्क जुकरबर्ग से लेकर माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स और पॉप स्टार रिहाना तक को इस इवेंट में देखा गया था। हां, वो बात अलग है कि विदेशी मेहमानों के बीच जिस एक हसीना ने अपना एक अलग अंदाज और ट्विस्ट के साथ ग्लैमर का जो तड़का लगाया वो डोनाल्ड ट्रंप की नातिन अरेबेला रोज और बेटी इवांका ट्रंप निकलीं। ऐसा इसलिए क्योंकि मां-बेटी की इस जोड़ी ने न केवल पार्टी की थीम के अकॉर्डिंग अपने कपड़े पहने बल्कि अपने लहंगों से खासतौर पर दूसरे लोगों का काफी अटेंशन भी ग्रैब किया था। इसका एक कारण क्योंकि वह खूबसूरत होने के साथ ही काफी एलिगेंट भी थे। हालांकि, इसके लिए उन्होंने काफी कीमत भी चुकाई होगी।

### इवांका को देख नहीं हटीं नजरें

अगर इवांका ट्रंप के फर्स्ट डे की बात करें, तो उन्होंने अपने लिए काफी सेक्सी और ग्लैमरस आउटफिट पिक किया था, जिसमें उनकी खूबसूरती दो गुना बढ़ गई। उन्होंने इंडियन फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के कलेक्शन से शैंपेन गोल्ड एंड सिल्वर कलर की सीक्वेंस साड़ी पहनी थी, जोकि कॉकटेल पार्टी के लिए एकदम बढ़िया ऑप्शन था। साड़ी के साथ उन्होंने डीप वी नेकलाइन वाला ब्लाउज मैच किया था, जिसके साथ अपने जूलरी सिलेक्शन को बहुत ही मिनिमल रखा था।

### बेटी भी दिखी सुंदर-सुंदर

इवांका ट्रंप की तरह उनकी बेटी अरेबेला रोज भी इंडियन कपड़ों में सजी-धजी थीं। उन्होंने पहले दिन जहां अर्पिता मेहता की डिजाइन की हुई रफल साड़ी पहनी थी, तो वहीं थर्ड डे उन्हें मनीष मल्होत्रा के डिजाइन किए हुए कैनरी येलो लहंगा सेट में देखा गया था, जिसमें वह अपनी मां जितनी ही सुंदर लग रही थीं। अरेबेला रोज के लुक को जूलरी फ्री रखा था। कहना गलत नहीं होगा कि इंडियन अटायर उनकी खूबसूरती को बढ़ाता दिख रहा था।(स्रोतः समाचार एजेंसी)

# लोकसभा चुनाव के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**समाचार गेट/हेमलता**

**पलवल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिला के नागरिक मतदान के प्रति जागरूक हों। इसके लिए जिन नागरिकों की वोट नहीं बनी हुई हैं वे अपना मत अवश्य बनवाएं और अन्य लोगों को भी इसके बारे में जागरूक करें। वहीं मौजूदा वोट से व्याप्त त्रुटियों को सही करवाने के लिए भी नागरिकों को प्रेरित किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह मंगलवार को जिला सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में विभिन्न राजनीतिक दलों के




प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान बोल रहीं थीं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधि अपने स्तर पर लोगों के बीच जाकर उन्हें चुनाव के दौरान वोट डालने के लिए जागरूक करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिन लोगों की वोट में त्रुटि हैं उन्हें सही करवाने के लिए भी लोगों को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति की एक स्थान पर ही वोट हो सकती है। इसके अलावा जिन व्यक्तियों की एक से अधिक वोट बनी हुई है, ऐसे लोगों का नाम एक स्थान की वोटर लिस्ट से कटवाने में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि जिला प्रशासन का सहयोग करें। इसके अतिरिक्त यदि किसी मतदाता की उसके वोटर कार्ड में फोटो गलत लगी हुई है तो उसे भी सही करवाने के लिए संबंधित वोटर को जानकारी देने की दिशा में कार्य करें। वहीं उपायुक्त नेहा सिंह ने महिलाओं को भी अपने मत का भरपूर प्रयोग करने के लिए आह्वान किया है, ताकि महिलाएं भी अपने मत के प्रति जागरूक होकर मतदान करने के लिए बढ़-चढ़कर आगे आएं। राजनीतिक दलों की ओर से मतदान केंद्रों पर बीएलए नियुक्त किए जाएं। इस दौरान नायब तहसीलदार चुनाव कुलदीप सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# माताएं अपने शिशु को लिटाकर न पिलाएं दूध : ईएनटी सर्जन डा. शिल्पी अरोड़ा

**समाचार गेट/हेमलता**

**पलवल।** जिला नागरिक अस्पताल पलवल में सिविल सर्जन डा. नरेश कुमार गर्ग के दिशा-निर्देशन व डिप्टी सिविल सर्जन डा. नवीन गर्ग के मार्गदर्शन में मंगलवार 5 मार्च को विश्व श्रवण दिवस मनाया गया। सिविल सर्जन डा. नरेश गर्ग ने बताया कि इस वर्ष यह आयोजन बदलती मानसिकता आइए कान और सुनने की देखभाल को सभी के लिए वास्तविकता बनाएं थीम पर मनाया गया। उन्होंने बताया कि बच्चों में कान बहने, कान में संक्रमण होने, कान में चोट लगने से, बचपन में खसरा, मेनिनजाइटिस तथा मम्स (कन्फेडे) रोग होने से बहरापन हो सकता है। इसलिए कान में कोई सींक या नुकीली चीज न डालें, और न ही तरल पदार्थ अर्थात तेल आदि डालें।

इस मौके पर ईएनटी सर्जन डा. दीप किशोर ने बताया कि विश्व में लगभग 80 प्रतिशत लोगों की कान और सुनने की क्षमता की जरूरतें पूरी नहीं हो पातीं हैं। कान की बीमारियों पर विश्व स्तर पर लगभग अमेरिकी 10 खरब डॉलर की वार्षिक लागत का खर्चा आता है। उनका कहना है कि सामाजिक रूप से लोगों को इसका ज्ञान न होना और विविध भ्रांतियों के कारण हम बधिरता (बहरेपन) को ठीक कर पाने में पूर्ण सक्षम नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए लोगों का जागरूक होना बेहद जरूरी है। विश्व श्रवण (हियरिंग) दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की बधिरता संबंधी भ्रांतियां दूर करना, लोगों की बहरेपन संबंधी भ्रांतियों को दूर करना, सभी सिविल सोसाइटीज और देशों में बधिरता संबंधी शंकाओं को दूर करना तथा लोगों की भ्रांतियों को दूर




कर समस्त सुविधाएं देकर बधिरता की चिकित्सा करना है।

ईएनटी सर्जन डा. दीप किशोर ने उपस्थित सभी बच्चों व लोगों को ज्यादा ऊंची आवाज में संगीत न सुनने, मोबाइल चलाते समय इअर बड व लीड का इस्तेमाल न करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमेशा धीमी व मधुर आवाज में ही संगीत सुनें। उन्होंने बताया कि कोक्लियर इंप्लांट के 6 महीने से 3 वर्ष की उम्र तक ही ज्यादा अच्छे परिणाम मिलते हैं।

ईएनटी सर्जन डा. शिल्पी अरोड़ा ने कहा कि माताओं को अपने बच्चों को लिटा कर दूध नहीं पिलाना चाहिए। इससे बच्चों में कान बहने की संभावना रहती है। उन्होंने बताया कि जिला के सिविल अस्पताल पलवल, एसडीएच होडल, सभी सीएचसी, पीएचसी में 3 से 9 मार्च तक कान की बीमारियों से संबंधित जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं।

चिकित्सा अधीक्षक डा. अजय माम ने बताया कि छोटे बच्चों में अक्सर कान बहने की शिकायत मिलती है। ऐसी स्थिति में तुरंत कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ व सर्जन से परामर्श कर ईलाज करवाना चाहिए। उन्होंने बताया कि 6 महीने से 3 वर्ष की उम्र पर ही कोक्लियर इंप्लांट के ज्यादा अच्छे परिणाम मिलते हैं। इस कार्यक्रम में कान से संबंधित बीमारियों से ग्रस्त अर्थात बहरे-गूंगे बच्चों की पेंटिंग प्रतियोगिता भी कराई गई। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डा. अजय माम, ईएनटी सर्जन डा. शिल्पी अरोड़ा, डा. दीप किशोर, मेडिकल ऑफिसर (आयुष) डा. रूपलाल, फिजियोथैरेपिस्ट डा. लितेश मलिक, इंटरवेंशनिस्ट पूनम शर्मा, ऑडियोलॉजिस्ट पुष्पा कुमारी, मनीष और लक्ष्मण सहित बच्चे व महिलाएं मौजूद रहे।

# जिला कांग्रेस कार्यालय पर हुई इंडिया गठबंधन की जिला स्तरीय बैठक में लोकसभा सीट की जीत का दावा

**समाचार गेट/हेमलता**

**पलवल।** कांग्रेस के जिला कार्यालय पर आज इंडिया गठबंधन की जिला स्तरीय पहली बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री करन दलाल, जगजीत शर्मा, हथीन से कांग्रेस नेता मोहम्मद इस्राइल, महिपाल बन्धु, अनिता भारद्वाज, प्रेणा कालड़ा व आप के जिला अध्यक्ष चन्द्र शेखर रावत, मूलचंद बड़गुर्जर, रणधीर चौहान सहित इंडिया गठबंधन के तमाम नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

इस दौरान गठबंधन के नेताओं ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला और लोकसभा की 10 की 10 सीट जीतने का किया दावा किया।जब से हरियाणा सहित कई राज्यों में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का गठबंधन हुआ है इंडिया गठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं के हौसले बुलंद हैं और लोकसभा चुनाव में गठबंधन




के प्रत्याशियों की जीत को लेकर आश्वस्त दिख रहे हैं। पलवल में आज कांग्रेस के जिला कार्यालय पर हुई इंडिया गठबंधन के नेताओं व कार्यकर्ताओं की जिला स्तरीय बैठक दोनों पार्टी के नेताओं ने एक शुर में कहा कि जनता भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुए घोटालों से दुखी है ये सिर्फ धर्म के नाम पर जनता को गुमराह कर रहे हैं और वोट बटोरने का काम करते हैं। अबकी बार उनके लोकसभा में पहुँचने के मनसूबे पूरे नहीं होंगे हरियाणा में सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत होगी।कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से भी आप प्रत्याशी की जीत होगी। आप के साथ गठबंधन से कांग्रेस को पार्टी को मजबूती मिली है जिससे फरीदाबाद लोकसभा सीट भी गठबंधन के खाते में जाने वाली है

इस मौके पर आप के जिला अध्यक्ष चन्द्र शेखर ने कहा कि विधानसभा चुनावों में भी होगी गठबंधन की जीत हासिल करेगा। बूथ स्तर पर गठबंधन मजबूत होगा।भाजपा के दावों में कोई दम नहीं है। इस मौके पूर्व मंत्री करन दलाल ने कहा कि राम मंदिर का भाजपा को कोई फ़ायदा नहीं मिलेगा ये धर्म के नाम पर ढोंग करते हैं जनता की दुख तखलीफ़ों से इनका कोई सरोकार नहीं है।

बिहार की रैली की तरह हरियाणा में भी गठबंधन की बड़ी - बड़ी रैली होंगी। सरकार विपक्ष की आवाज को ईडी व सीबीआई के छापों से दबाना चाहती है। दिल्ली में आप के नेताओं बेवजह जेल में डालकर भाजपा सरकार ने अपनी तानाशाही का परिचय दिया है। जिस तरह से आप की सरकार ने दिल्ली और पंजाब में जनहित में विकास कार्य किये हैं उनका फायदा हरियाणा में भी गठबंधन के प्रत्याशियों को मिलेगा। जिसे भी कांग्रेस पार्टी फरीदाबाद लोकसभा सीट से टिकट देगी जीत उसी की होगी। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के घोटालों से फरीदाबाद लोकसभा की जनता परेशान है और बदलाव चाहती है।

इस मौके पर कांग्रेस के युवा नेता देवेश चौधरी ने भी भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि भाजपा वाले सिर्फ हवा- हवाई की बातें करते हैं जमीन पर इनका विकास दिखाई नहीं देता। दोनों पार्टियों के नेता जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार की पोल खोलने का काम करें और बूथ स्तर पर गठबंधन को मजबूत किया जाए। इस चुनाव में निश्चित तौर पर इंडिया गठबंधन की जीत होगी

# एनीमिया की जांच एवं रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य शिविर, 152 लोगों की हुई जांच

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** एनीमिया की जांच एवं रोकथाम के मिशन के साथ बिसनौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान द्वारा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास और वित्त निगम के सहयोग से मंगलवार को आलदोका गांव में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन मुख्यतया ग्रामीण समुदाय को एनीमिया की जांच एवं उसके रोकथाम साथ ही विशेष स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार प्रदान करने के निरंतर प्रयासों के उद्देश्य हेतु किया गया। जिसमे स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मुख्य रूप से एनीमिया की जांच, स्वास्थ्य जागरूकता, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसे गैर-संचारी रोगों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस शिविर में कुशल चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की एक टीम द्वारा सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक 152 लोगों की एनीमिया रक्त परीक्षण, बीपी और ऑक्सीजन संतृप्ति स्तर की जांच की गई। साथ ही लोगों के बीच दवाइयां, पोषण पूरक, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली दवाइयां वितरित की गई। इसके अलावा एनीमिया की रोकथाम के लिए युवा और गर्भवती




माताओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए, संतुलित आहार और कम लागत वाले घर में बने पौष्टिक भोजन के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस शिविर में जिला स्वास्थ्य प्रशासन का प्रतिनिधित्व नूंह सीएचसी के एसएमओ डॉ. कपिल ने किया। शिविर में गतिविधियों का समन्वय बीएसजीएसएस के अनूप कुमार, निदेशक - संचालन के निर्देशन में चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा किया गया।

# स्कूल की पढ़ाई के साथ साथ घासेड़ा के दो बहन भाई बने हाफिज कुरान

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** कोई भी कार्य मुश्किल नहीं होता अगर काम को लगन, शौक व निष्ठा से किया जाए। यही साबित करके दिखाया है ऐतिहासिक गांव गांधी ग्राम घासेड़ा निवासी समाजसेवी खालिद हुसैन मेवाती के दो होनहार बच्चों ने। जिन्होंने अपनी स्कूल की पढ़ाई के साथ साथ दीनी तालीम को भी मुसलसल जारी रखा और अब हाफिज कुरान बन कर अपने गांव, खानदान व मां बाप के नाम को रोशन किया है। गौरतलब है कि खालिद मेवाती की बडी बेटी समरीन खानम राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घासेड़ा की नवीं कक्षा की छात्रा हैं और बड़ा बेटा मुहम्मद अरकम मेवात मॉडल स्कूल नूह की छठी कक्षा के छात्र हैं, वहीं ये दोनों बच्चे जामा मस्जिद घासेड़ा के मकतब के तालिब इल्म भी हैं। इसी मकतब से इन्होंने कायदा से हिफ्ज़ कुरान तक तालीम हासिल की है। बच्चों के वालिद खालिद मेवाती ने बच्चों के इस कारनामें का श्रेय बच्चों की कड़ी मेहनत व अपने बड़े भाई व बच्चों के उस्ताज़ मौलाना जाहिद अमीनी को दिया है। आज



बच्चों के सम्मान में जामा मस्जिद घासेड़ा में मकतब इंचार्ज व बच्चों के उस्ताज मौलाना जाहिद अमीनी की अध्यक्षता में एक प्रोग्राम आयोजित किया गया जिसमें गांव घासेड़ा व इलाके के मोज़्जि हजरात ने शिरकत कर बच्चों का हौसला बढ़ाया और अहले खाने को मुबारकबाद पेश की। कार्यक्रम में मुफ्ती जाहिद कासमी नूह, मौलाना शेर मुहम्मद अमीनी, मुफ्ती तारीफ सलीम नदवी,मौलाना इब्राहिम, मुफ्ती लुकमान कासमी,एस डी ओ सैयद मुहम्मद अकरम,जे ई फैसल हुसैन, सरपंच इमरान खान, मास्टर साजिद,औसाफ नंबरदार, प्रिंसिपल जान मुहम्मद,भाई जकरा, डाक्टर दीन मुहम्मद, मौलाना अरशद,भाई लुकमान बैंक, मास्टर जैकम, भाई जमशेद,भाई शराफत,भाई शाहिद सीमेंट,मास्टर खुर्शीद, मास्टर साहुन, डाक्टर अब्दुल करीम भादस व तंजीम फरोग ऊर्दू मेवात के वफद जिनमें संरक्षक मास्टर अशरफ मेवाती,अध्यक्ष मौलाना सिद्दीक सनाबिली, सेक्रेटरी हाफिज इमरान, डाक्टर जिया उल हक, मौलाना हारिस, मास्टर नसीम, मास्टर जाकिर, मास्टर याकूब, मास्टर असलम, मास्टर शौकत, भाई अब्दुल कादिर, मास्टर इमरान,भाई हाकम वगैरा ने शिरकत की और इनामात से होनहार बच्चों की हौसला अफजाई की।

## खेल नर्सरी स्कीम के तहत खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थापित की जाएंगी खेल नर्सरियां: अनिल कुमार

**समाचार गेट/हेमलता**



**पलवल।** जिला खेल अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेल नर्सरी स्कीम के तहत सरकारी, निजी शिक्षण संस्थानों तथा पंचायत एवं निजी खेल संस्थानों में खेल नर्सरी स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि केवल ओलम्पिक, एशियन व कॉमनवेल्थ खेलों में सम्मिलित खेलों के लिए खेल यह नर्सरियां खोली जाएंगी। जिला खेल अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि इच्छुक संस्थान विभागीय वेबसाईट https://haryanasports.gov.in/ पर विजिट कर ऑनलाइन अपना आवेदन कर सकते है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2024 निर्धारित की गई है।

## आगामी 09 मार्च को आयोजित की जाएगी इस वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत -सीजेएम कुनाल गर्ग

**समाचार गेट/हेमलता**



**पलवल।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कुनाल गर्ग ने बताया कि आगामी 09 मार्च 2024 को इस वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सीजेएम कुनाल गर्ग ने बताया कि 09 मार्च को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक रिकवरी केस, लेबर डिस्प्यूट, बिजली व पानी बिल के संबंधी मामले, आपराधिक, वैवाहिक, दुर्घटना संबंधी, भूमि अधिग्रहण मामले तथा अन्य दावे संबंधी और अदालत में लंबित अधिक से अधिक केसों का निपटारा किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला स्तर के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर स्थित अदालतों में भी किया जाएगा।

## लखपति दीदी महासम्मेलन का आयोजन आज- जितेंद्र कुमार

**समाचार गेट/हेमलता**



**पलवल।** जिला परिषद के सीईओ जितेंद्र कुमार ने बताया कि पलवल जिला में खंड स्तर पर आज लखपति दीदी महासम्मेलन कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इन कार्यक्रमों में विशेषतौर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भाग लेंगी। जिला मुख्यालय पर यह कार्यक्रम इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगा। पृथला, हसनपुर, हथीन में यह कार्यक्रम बीडीपीओ कार्यालय में तथा होडल में यह कार्यक्रम राजकीय महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा बडौली खंड का लखपति दीदी महासम्मेलन कार्यक्रम रसूलपुर के बारातघर में आयोजित होगा। यह कार्यक्रम सुबह 09.30 बजे से शुरू होकर सायं 5 बजे तक आयोजित होंगे।

## 450 ग्राम मादक पदार्थ गांजा सहित एक तस्कर को पकड़ा

**समाचार गेट/हेमलता**




**पलवल।** एसपी डॉ.अंशु सिंगला द्वारा जिला पुलिस को नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हुए हैं। इसी कड़ी में कार्य करते हुए डिटेक्टिव स्टाफ पलवल ने एक तस्कर को 450 ग्राम मादक पदार्थ गांजा सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। डिटेक्टिव स्टाफ पलवल उप निरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि दिनांक 3 मार्च 2024 को उनकी टीम में तैनात एएसआई महेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम नशा गतिविधियों पर रोकथाम हेतु थाना शहर क्षेत्र अंतर्गत हथीन मोड पलवल पर मौजुद थे जहां उन्हें विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि जैन्दीपुरा मौहल्ला पलवल निवासी एक युवक जो नशीला पदार्थ गांजा बेचने का काम करता है। जो आज भी गौशाई मौहल्ला चौक सैयदवाडा पलवल मे गांजा बैच रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने बिना किसी देरी के मौका पर दबिश देकर युवक उक्त को काबु किया ।काबू किए गए युवक उपरोक्त की नोडल अफसर श्री नरेंद्र खटाना डीएसपी पलवल के समक्ष नियमअनुसार तलाशी मे युवक से मिली पोलोथीन के अन्दर नशीला पदार्थ 450 ग्राम मादक पदार्थ गांजा मिला । बरामद मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत थाना शहर पलवल में मामला पंजीबद्ध किया गया। आगामी जांच इकाई द्वारा आरोपी से बरामद मादक पदार्थ के स्त्रोत बारे गहनता से पूछताछ जारी है। आरोपी को आज पेश अदालत किया जाएगा।

## नूंह पुलिस ने आनलाईन ठगी करने के मामलें में 03 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** निरीक्षक संदीप मोर प्रभारी अपराध जांच शाखा पुन्हाना ने जानकारी देते हुये बताया कि सहायक उप-निरीक्षक गोपाल सिंह अपनी टीम के साथ गश्त में रानिका मोड़ नूहं-अलवर रोड़ मरोडा पर मौजूद था ।उसी समय गुप्त सूचना प्राप्त हुई अजरुदीन उर्फ अजरु पुत्र मन्न व मोईन पुत्र आशु निवासीयान थानाघोड़ा जिला खैरथल राजस्थान व नाजीम खान पुत्र सुमरदीन निवासी टुंडलाका जिला नूंह फर्जी इंस्टाग्राम/फेसबुक अकाउंट व व्हाटसअप अकाउंट का प्रयोग करके पैंसिल पैकिंग की नौकरी व ड्रीम इलेवन के विज्ञापन वगैरा का झासा देकर आमजन से फर्जी व्हाटसअप अकाउंट पर चैटिंग करके व फर्जी सिम का प्रयोग करके आमजन को अपने झांसे में लेकर धोखाधड़ी करके एडवांस के नाम पर फर्जी फोन-पे व गुगल-पे अकाउंट में रुपये ड़लवाकर आनलाईन ठगी करते हैं ।जो आज सभी झंडा पार्क नूंह शहर पर कहीं जाने के लिए सवारी के इंतजार में खड़े हैं ।जिस सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर उपरोक्त शख्सों को काबू किया ।नाम पता पूछने पर एक शख्स ने अपना नाम अजरुदीन उर्फ अजरु, दुसरे ने अपना नाम मोईन, तीसरे ने अपना नाम नाजीम खान उपरोक्त बतलाया ।तलाशी लेने पर उपरोक्त शख्सों के कब्जा से 04 मोबाईल फोन व 07 सिम बरामद हुई ।पूछताछ व आरोपीयों के फोन की जांच करने पर फोन में आमजन के साथ नटराज पैंसिल की पैकिंग जॉब बारे संदिग्ध चैटिंग व आड़ियो किलिप मिली, आमजन के फोटो, क्यूआर कोड़, गैलरी में संदिग्ध ड्रीम इलेवन की फोटो, संदिग्ध चैटिंग वगैरा मिली ।सभी मोबाईल फोन व सिमों को नियमानुसार कब्जा पुलिस में लिया गया ।जिस सबंध में थाना साईबर अपराध नूंह में सबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज रजिस्टर करके उपरोक्त सभी आरोपियों को मुकदमा में नियमानुसार गिरफ्तार किया गया ।मुकदमा के सबंध में आरोपियों से पूछताछ जारी हैं ।सभी आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया जाएगा ।

# लक्ष्मण सिंह यादव ने किया विकास कार्यों का उद्घाटन

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश में विकास की ईबारत लिखने का कार्य किया है। परिस्थितियां कितनी भी विपरीत रही हो, भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश में पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता व बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराने का कार्य किया है। कोसली विधानसभा क्षेत्र भी विकास के मामले में किसी से पीछे नहीं है। इलाके की तमाम समस्याओं व मांगों को क्रमबद्ध तरीके से पूरा कराने का कार्य किया गया है। आने वाले समय में भी विकास की गति को और रफ्तार दी जाएगी। कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव मंगलवार को कोसली विधानसभा क्षेत्र के गंव गुडियानी में 286.91 लाख की लागत से गुडिय़ानी से बालधन कलां तक बनने वाली सडक़े के निर्माण कार्य का शिलान्यास, गांव छव्वा में 45 लाख रुपये की लागत से बने खेल स्टेडियम, कोसली अनाज मंडी में 61.13 लाख की लागत से बने नवनिर्मित धर्मकांटे, गांव कारोली में 50.97 लाख की लागत से नवनिर्मित कारोली से लुखी सडक़ मार्ग तथा तथा शीतला माता मंदिर के निकट आठ लाख की लागत से नवनिर्मित टीनशैड का उद्घाटन करने के उपरांत आयोजित जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। सभी गांवों में कोसली विधायक का फूलमालाओं, पगड़ी तथा स्मृति चिह्न प्रदान कर जोरदार अभिनंदन किया गया।





ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कोसली विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पूरी ईमानदारी व निष्पक्षता से सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों को अंजाम दे रही है। सरकार ने बिना खर्ची-पर्ची के योग्य युवाओं को उनकी प्रतिभा के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य किया है। विकास कार्यों व सरकारी कार्यों को ई-प्रणाली से जोडक़र आम आदमी के कार्यों को आसान किया है। आज लोगों को अपने कार्य कराने के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। उन्होंने कहा कि कोसली विधानसभा क्षेत्र के लोगों का प्यार, समर्थन व सहयोग लगातार मिलता रहा है। उन्होंने भी इस इलाके की प्रत्येक आवाज को विधानसभा में जोरदार ढंग से उठाकर उसका निवारण कराया है। मुख्यमंत्री, मंत्रियों तथा अधिकारियों से मिलकर छोटी से छोटी समस्या का समाधान कराया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले साढे चार सालों के दौरान कोसली विधानसभा क्षेत्र को विकास के मामले में अन्य क्षेत्रों से पीछे नहीं रहने दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दस सालों के दौरान देश की तस्वीर और तकदीर बदलने का कार्य किया है। उनकी कार्यप्रणाली व दृढ इच्छाशक्ति ने आज देश को पांचवीं बड़ी शक्ति के रूप में लाकर खड़ा कर दिया है और जल्द ही भारत दुनिया की तीसरी बड़ी शक्ति बनने जा रहा है। जिसके लिए हम सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहरलाल के हाथों को और मजबूत करना है।

इस मौके पर नाहड़ ब्लॉक समिति चेयरमैन दुष्यंत यादव, जिला सचिव सरदार सिंह, नाहड़ मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव, जाटूसाना मंडल अध्यक्ष इंद्र राव, गुडिय़ानी सरपंच नरेंद्र, छव्वा सरपंच राजबाला देवी, भूरियावास सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र सिंह नाहडिय़ा, अहमदपुर सरपंच सोनू, शादीपुर सरपंच पूर्व सरपंच जखाला यशपाल, पूर्व चेयरमैन रमेश यादव, कंवर सिंह महामंत्री, आजाद सिंह ब्लॉक समिति सदस्य, पूर्व जिला पार्षद अमित यादव, रणवीर कुहारड़, नयागांव सरपंच प्रतिनिधि साधु सिंह, अजीत बालधनकलां, देवीदत्त, सत्यप्रकाश, सूरजभान, जगदीश, महीपाल, अरुण यादव पूर्व ब्लाक समिति सदस्य, कारोली सरपंच प्रतिनिधि रमेश शर्मा, भाकली सरपंच श्याम सिंह, रामौतार महामंत्री, अशोक यादव लुखी, भूपेंद्र शर्मा, रामनिवास नंबरदार समेत काफी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# डिजिटल लाइब्रेरी में सीएसआर के तहत लिया जाए पत्रिकाओं का ऑनलाइन सब्सक्रिप्शन



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** मंगलवार को डीसी ऑफिस रेवाड़ी में जिला बाल कल्याण परिषद की कार्यकारिणी समिति की बैठक उपायुक्त राहुल हुड्डा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला बाल कल्याण परिषद की गतिविधियों पर विचार विमर्श किया गया। डीसी ने संस्था द्वारा संचालित डिजिटल लाइब्रेरी में सीएसआर के तहत पत्र-पत्रिकाओं के ऑनलाइन सब्सक्रिप्शन लेने पर जोर दिया। बैठक में बताया गया की 6 से 18 वर्ष तक की आयु के 50 बालकों की देखरेख के लिए संस्था द्वारा बाल गृह, आस्था कुंज चलाया जा रहा है जिसमें अभी 23 बालक देखरेख, शिक्षा, खेलकूद व आवास की सुविधा प्राप्त कर रहे हैं। सभी बालकों को निजी शैक्षणिक संस्थानों से औपचारिक शिक्षा भी दी जा रही है। हाल ही में सीएसआर के तहत यहां सोलर पैनल भी लगवाएं गए हैं।

डीसी ने कहा कि जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उपयुक्त माहौल देने के उद्देश्य से बाल भवन रेवाड़ी में डिजिटल लाइब्रेरी भी चलाई जा रही है। इस पुस्तकालय का संचालन व सुधार संस्था द्वारा किया जाता है। परिषद द्वारा 3 कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, 3 ब्यूटी केयर केन्द्र, 1 फैशन डिजाइनिंग केंद्र तथा 9 सिलाई व कढ़ाई केंद्र भी सफलतापूर्वक चलाए जा रहे हैं जिसके द्वारा सैकड़ो महिलाएं व लडक़ेप्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। परिषद द्वारा 15 बेड का नशा मुक्ति केंद्र भी रेवाड़ी में चलाया जा रहा है। कार्यकारिणी समिति की बैठक में भारत सरकार के महिला व बाल विकास विभाग की मिशन वात्सल्य स्कीम के तहत बाल गृह, ओपन शेल्टर होम, विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण तथा नशा मुक्ति केंद्र की गतिविधियों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में परिषद की दुकानों के किराया वसूली तथा दुकानों को खाली करवाने आदि के मामलों में स्पष्टता व पारदर्शिता लाने के लिए नई पॉलिसी के ड्राफ्ट को सार्वजनिक करने पर चर्चा हुई ताकि सुझाव व शिकायतों पर कार्रवाई की जा सके।

बैठक में आगामी वर्ष 2024-25 के लिए कार्यकारिणी समिति के गठन तथा वार्षिक बजट भी उपयुक्त महोदय के समक्ष पेश किया गया। समिति के सदस्यों ने उपायुक्त को आश्वासन दिया कि वे जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर सहयोग करेंगे। इस अवसर पर एसपी दीपक सहारन, अतिरिक्त उपायुक्त अनुपमा अंजलि, एसडीएम रेवाड़ी रविंद्र कुमार, एसडीएम बावल मनोज कुमार, एसडीएम कोसली जयप्रकाश, सीटीएम लोकेश कुमार सहित सभी कार्यकारिणी सदस्यों उपस्थित रहे।

# ममता बनर्जी के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा ने स्कूटी रैली निकाल जताया रोष



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** तीन दिवसीय नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम पूरे हरियाणा में चल रहा है। हर वर्ष 8 मार्च को विश्व महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी संदर्भ में शीर्ष नेतृत्व द्वारा 4 मार्च से 6 मार्च तक तीन दिवसीय कार्यक्रम करने का दायित्व हमारी माननीय प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी के द्वारा महिला मोर्चा को सोपा गया है।

उक्त जानकारी देते हुए भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ कविता गुप्ता ने बताया कि आज 5 मार्च को महाराजा अग्रसैन चोक से झज्जर चौक तक एक स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। जिसको भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। महिला मोर्चा ने खाली संदेश को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी को कोसते हुए कहा कि ममता भी एक महिला है जो अपने राज्य में महिलाओं पर अत्याचार कर रही है। जो महिला के नाम को कलंकित कर रही है। डॉ कविता गुप्ता ने कहा कि सभी बहनों से अनुरोध है कि 6 मार्च को प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी बारासात पश्चिम बंगाल से तथा मुख्यमंत्री माननीय मनोहर लाल खट्टर करनाल से नौ विधानसभाओं के कार्यक्रम को संबोधित करेंगे और बाकी सभी खंड स्तरों पर कार्यक्रम किए जाएंगे।

इस कार्यक्रम में सभी बहने ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे व अपने मंडल में एक-एक बहन मुख्य वक्ता के रूप में रहेंगे और इसमें एक महिला का महिला के खिलाफ हो रहे अत्याचार के खिलाफ शक्ति प्रदर्शन करेंगे। ममता बनर्जी ने जिस तरह महिला होते हुए उन्होंने महिलाओं का शोषण किया है यह बहुत ही निंदनीय है। इस अवसर पर रेवाड़ी विधानसभा प्रत्याशी सुनील मूसेपुर विशेष रूप से मौजूद रहे। स्कूटर रैली में भाजपा प्रदेश संयोजिका नीतू चौधरी, भाजपा नेत्री दीपा भारद्वाज, नगरपरिषद पूर्व प्रधान विनीता पीपल, कृपा जैमिनी, नीरू भारद्वाज, चांदनी चांदना समेत सैकड़ो महिलाएं मौजूद रही।

## दो वर्षीय बच्चे की मृत्यु के मामले में डीसी ने लिया कड़ा संज्ञान

# मामले की गहनता से जांच के लिए एसडीएम रेवाड़ी को जांच अधिकारी किया नियुक्त



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** नागरिक अस्पताल रेवाड़ी में गत शनिवार रात्रि समय पर उपचार न मिलने पर दम तोड़ने वाले 2 वर्षीय बच्चे के मामले पर डीसी राहुल हुड्डा ने कड़ा संज्ञान लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसी राहुल हुड्डा ने उपमंडल अधिकारी (ना.) रेवाड़ी रविन्द्र कुमार को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने उक्त मामले में एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि वे इस प्रकार घटित मामले की गंभीरता से जांच करते हुए अपनी रिपोर्ट टिप्पणी सहित जल्द से जल्द उपायुक्त कार्यालय में भिजवाएं। उन्होंने मृतक बच्चे के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन दुख की इस घड़ी में पीडि़ति परिवार के साथ है और जो भी इस मामले में जांच उपरांत दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं को बनाया है सशक्त और आत्मनिर्भर : नायब सैनी

**एक दौड़ राष्ट्र के नाम, एक दौड़ मोदी के नाम थीम पर महिला मोर्चा ने प्रदेश में नारी शक्ति वंदन के तहत निकाली स्कूटी रैली, लगाई दौड़**

**भाजपा प्रदेश नायब सैनी ने कुरूक्षेत्र में नारी शक्ति वंदन मैराथन के तहत स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**नारी शक्ति वंदन मैराथन में बोले नायब सैनी - जब महिलाएं समृद्ध होती हैं, तो दुनिया समृद्ध होती है**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** भाजपा महिला मोर्चा की ओर से मंगलवार को नारी शक्ति वंदन मैराथन का आयोजन विधानसभा स्तर पर प्रदेशभर में किया गया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को कुरूक्षेत्र रेलवे रोड सथित छठी पातशाही गुरुद्वारा से महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष परमजीत कौर कश्यप के नेतृत्व में निकाली गई स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नायब सैनी ने कहा कि एक दौड़ राष्ट्र के नाम, एक दौड़ मोदी के नाम के लक्ष्य को लेकर महिला शक्ति ने प्रदेश में नारी शक्ति वंदन मैराथन और स्कूटी-बाइक रैलियों का आयोजन किया और दौड़ लगाई। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण भाजपा की कार्य संस्कृति का हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महिलाएं सशक्त और आत्मनिर्भर हो रही हैं तथा अपना भाग्य खुद लिख रही हैं। मोदी सरकार में महिलाओं को मान-सम्मान मिल रहा है।

नायब सैनी ने कहा कि 6 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता से नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत अपना संबोधन रखेंगे। पार्टी ने विधानसभा स्तर पर एलईडी का प्रबंधन किया है। उन्होंने प्रदेश की महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुनें।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं को सशक्त, शक्तिशाली, स्वावलंबी और रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से प्रेरित करने के लिए यह मैराथन दौड़ आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि एक दौड़ राष्ट्र के नाम, एक दौड़ मोदी के नाम थीम पर प्रदेश भर की बहनों ने दौड़ में भाग लिया है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के तहत महिला मोर्चा की बहनें मोदी सरकार द्वारा बनाए गए कानूनों और महिलाओं के हितार्थ लिए गए निर्णयों की जानकारी महिलाओं को दे रही हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश और प्रदेश की महिलाएं किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। मोदी सरकार ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर लोकसभा और राज्यसभा में नेतृत्व का अधिकार दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व वाली सरकार में महिलाओं को अलग पहचान मिली है। प्रधानमंत्री मोदी ने पानीपत की धरती से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं का जो अभियान चलाया था उससे क्रांतिकारी बदलाव देश और प्रदेश में देखने को मिल रहे हैं। मोदी सरकार की नीतियो के कारण देश की करोड़ों महिलाएं ''लखपति दीदी'' बन गई हैं। ड्रोन के जरिए खेती में महिलाएं अपना कौशल दिखा रही हैं।

नायब सैनी ने कहा कि महिलाओं में आत्मविश्वास को बढ़ावा देना ही महिला सशक्तिकरण का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं समृद्ध होती हैं, तो दुनिया समृद्ध होती है। महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण विकास को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 10 सालों में महिला सशक्तिकरण के लिए अनेकों योजनाएं चलाई जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में मातृ शक्ति सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस बार हरियाणा में 10 की 10 सीटें जीतेंगी और देश में 400 पार के लक्ष्य को पूरा करेगी।

भाजपा जिला अध्यक्ष परमजीत कौर कश्यप ने कहा कि मोदी सरकार महिला हितैषी सरकार है। मोदी सरकार ने तीन तलाक को खत्म कर मुस्लिम बहनों को न्याय दिलाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस 'विकसित भारत' की बात करते हैं, वह केवल 'नारी शक्ति' के सशक्त और समृद्ध होने से ही संभव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद से ही महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और भागीदारी पर सरकार का फोकस रहा है। मोदी और मनोहर सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं का असली उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना ही है। उन्होंने कहा कि महिलाएं पुरूषों के साथ मिलकर देश और प्रदेश को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। इस अवसर पर विधायक सुभाष सुधा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष परमजीत कौर कश्यप, उपाध्यक्ष उमा सुधा, प्रभारी अनु माल्यान, रविन्द्र सांगवान, रेणू खुंगर, केडीबीसदस्य डा. ऋषिपाल मथाना, सोहना रामगढ़, मंडल की अध्यक्ष हरीश अरोड़ा, मंडल अध्यक्ष दीपक चौहान, मंडल अध्यक्ष रमेश सैनी, मोर्चा की कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

# भाजपा ने ने जाति और धर्म के नाम पर लोगों में जहर घोलने का काम किया : डॉ. सुशील गुप्ता

**समाचार गेट ब्यूरो**

**जींद, 5 मार्च।** आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता मंगलवार को अपने पैतृक गांव शामलो कलां पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गांव के मौजिज लोगों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के तहत मुझे कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से उमीदवार बनाया है। कल मैं कार्यालय का उद्घाटन करूंगा, लेकिन उससे पहले मैं अपने गांव में दादा खेड़ा और सभी बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेने आया हूं। क्योंकि ये गांव मेरी जन्म भूमि है और यहां से हमेशा मुझे और मेरे परिवार को प्यार मिलता रहा है।

उन्होंने कहा मैं सभी गांव वासियों से अपील करने आया हूं कि ये लड़ाई देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए है। हरियाणा में लगातार नशा और अपराध बढ़ रहा है। कहीं सरपंच को गोली मारी जाती है तो कहीं किसी पार्टी के अध्यक्ष को गोली मारी जाती है और कहीं कहीं तो व्यापारियों पर गोलियां चलाकर फिरौती मांगी जा रही है। जिसके डर से लोग अब हरियाणा से पलायन की सोचने लगे हैं। उन्होंने कहा कि जहां हरियाणा में आपसी प्रेम का रिश्ता होता था लेकिन आज हरियाणा में जाति और धर्म का जो जहर खट्टर सरकार ने बोया है अब उसको बाहर करने का समय आ गया है। जिस प्रकार से ईडी सीबीआई के माध्यम से तंग किया जा रहा है, मनरेगा मजदूरों का बुरा हाल किया है, सरपंचों के अधिकार छीने गए हैं, हर वर्ग का कर्मचारी तानाशाही झेलने को मजबूर है, जिस प्रकार बिजली



के कट लग रहे हैं और कई कई साल तक ट्यूबवेल के कनेक्शन नहीं मिलते अब इस व्यवस्था को बदलने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने किसानों से एमएसपी का वादा किया था और बाद में पपलट गए। किसान सवा साल बॉर्डर पर बैठे थे, जहां 750 से ज्यादा किसानों ने शहादत दी थी। तब पीएम मोदी ने माफी मांग कर वो कृषि कानून वापस लिए थे। अब वो वादा याद दिलाने के लिए किसान जाना चाहते हैं तो खट्टर सरकार किसानों को रोक रही है। क्योंकि सीएम खट्टर को किसानों से दुश्मनी है। बाढ़ और बारिश से जब किसानों की फसल बर्बाद हो जाती है तो पोर्टल पोर्टल खेलते रहते हैं। जबकि पंजाब में फसल कटने से पहले मुआवजा किसानों के खाते में पहुंच जाता है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने पूरे हरियाणा की चौधर शामलो के बेटे को सौंप रखी है इसलिए मैं अपने शामलो और अपने 12 गांवों के लोगों का आशीर्वाद लेने आया हूं। क्योंकि अब ये चुनाव आप लोगों ने संभालना है। उन्होंने कहा कि आज कुरुक्षेत्र लोकसभा के लोग सांसद नायब सैनी को गायब सैनी कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं कि हरियाणा की आवाज बनकर हर समस्या को जोरदार तरीके से भारत की संसद में रखूंगा और देश की संसद को हरियाणा का हिसाब लूंगा। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा कुरुक्षेत्र से नायब सैनी को उमीदवार बनाती है तो जितने मार्जन से पिछली बार वो जीते थे अबकी बार उससे डबल मार्जन से हारेंगे। कुरुक्षेत्र से ही युग परिवर्तन होगा और नया आगाज होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सभी 10 लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन का उमीदवार हैं। हम सब मिलकर इस भ्रष्टाचारी, महिलाओं का अपमान करने वाली और किसान एमएसपी न देने वाली सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का काम करेंगे।

# जिले के 244 दिव्यांग जनों को लगभग 66 लाख रुपए के नि :शुल्क सहायक उपकरण वितरित



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला रैडक्रास समिति व हाउसिंह एडं अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिडेट के सौजन्य से जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रांगण में दिव्यांग जनों के लिए निशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा मुख्यतिथि के रूप में शामिल हुए। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने हाउसिंह एडं अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिडेट के सीएसआर पहल के अंतर्गत दिव्यांगों के लिए निशुल्क सहायक उपकरण वितरण समारोह में जिले के 244 दिव्यांग जनों को लगभग 66 लाख रुपए के नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांग जनों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चला रही है जिनमें दिव्यांग जनों को विभिन्न औद्योगिक प्लॉटों और आवासीय प्लॉटों में 5% आरक्षण दिया जा रहा है । हरियाणा राज्य कौशल रोजगार निगम में दिव्यांग जनों को पंजीकरण करवाने पर रोजगार के लिए 4% आरक्षण दिया गया है तथा आयु में 10 साल की छूट भी दी गई है। प्रदेश की सभी आईटीआई में दिव्यांग जनों को कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि सभी दिव्यांगजन कौशल प्राप्त कर अपना रोजगार स्थापित कर सकें । प्रदेश सरकार की ओर से दिव्यांग जनों को अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए डेढ़ लाख रुपए तक का लोन मुहैया करवाया जा रहा है। दिव्यांग जनों को हरित स्टोर खोलने पर प्रदेश सरकार की ओर से ऋण मुहैया करवाया जा रहा है ताकि वे अपना स्वयं का रोजगार शुरु कर सकें।

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड की सीएसआर योजना एवं भारत सरकार के उपक्रम अलीमको द्वारा लाभार्थियों को चिन्हित किया गया था । उन्होंने कहा कि जिले के इस शिविर में दिव्यांग जनों को ट्राई साईकल, व्हील चैयर, बैशाखी, कान की सुनने की मशीन, कृत्रिम अंग इत्यादि उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर जिला के रैडक्रास सचिव देवेंद्र चहल वह जिला पलवल के रेड क्रॉस सचिव वाजिद अली व रेड क्रॉस के जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक, हुडको के कार्यकारी निदेशक एसके सोलंकी, हुडको के डीजीएम राजीव गर्ग, अलीमको के उपप्रबंधक मृणाल कुमार सहित अन्य रैडक्रास की टीम मौजूद रही।

# जिला नूंह की 400 छात्राएं भ्रमण के लिए पहुंची राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान में



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा की नवाचारी सोच व अनूठी पहल की बदौलत जिला नूंह के सरकारी स्कूलों के बच्चों को राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान व दिल्ली भ्रमण का मौका मिल रहा है। शनिवार को एमडीए के सहयोग से संचालित रोडवेज की बसों से राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूंह की 400 छात्राएं अपने अध्यापकों के साथ दिल्ली पहुंची। जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल ने बताया कि इन छात्राओं ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान, राष्ट्रपति संग्रहालय, इंडिया गेट व आसपास के महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण किया। अमृत उद्यान उत्सव 2024 के तहत छात्राओं को राष्ट्रपति भवन जाने का अवसर मिला।

छात्राओं के आने-जानें के लिए जिला प्रशासन द्वारा फ्री में रोडवेज बसों की व्यवस्था की। छात्राओं ने अमृत उद्यान में प्रकृति की छटा को निहारने व अलग-अलग किस्म के फूलों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस बार ट्यूलिप से सजा हुआ थीम गार्डन आकर्षण का केंद्र रहा। खास बात यह है कि थीम गार्डन के साथ अमृत उद्यान और सिग्नेचर उद्यान भी इसकी थीम में सजे हुए थे। इस पार्क में ट्यूलिप को अलग तरह से लगाया गया है। फूल पर सुबह सूरज की पहली किरण पड़ने से लेकर ट्यूलिप को सजा देखकर हर किसी के दिल को छू लिया।

भ्रमण पर गई कक्षा आठवीं व नौवीं की छात्रा चंचल, शमानिशा, अफरोज, कुमकुम, सरस्वती ने बताया कि अमृत उद्यान में 100 से अधिक किस्म के गुलाब देखने का अवसर मिला।

वहीं उद्यान में ट्यूलिप, डैफोडिल्स, एशियाई लिली, ओरिएंटल लिली और कई प्रकार के फूल सजे हुए थे। सीएमजीजीए वैभव, जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर कुसुम मलिक व जिला विज्ञान विशेषज्ञ रामकिशन ने भ्रमण कार्यक्रम में समन्वयक की भूमिका निभाई।

एस्कॉर्ट शिक्षक के रूप में साथ गए शिक्षक अनुबाला, दिनेश गोयल, शमीम ने बताया कि यहां आकर छात्रों को एक नया अनुभव प्रदान हुआ है और राष्ट्रपति संग्रहालय में उन्हें संविधान के साथ अन्य बातों की जानकारी दी गईं। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार आगामी दिनों में भी सरकारी स्कूलों के बच्चों को राष्ट्रपति भवन में स्थित अमृत उद्यान व अन्य स्थानों पर भ्रमण के लिए निरंतर भेजा जाएगा।

# राज्यस्तरीय राजा हसन खां मेवाती शहीदी दिवस समारोह में मुख्यमंत्री मनोहर लाल होंगे मुख्यातिथि : उपायुक्त

## उपायुक्त ने समारोह की तैयारियों व प्रबंधों के मद्देनजर समीक्षा बैठक की



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि राजा हसन खां मेवाती शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन 9 मार्च को बड़कली चौक पर आयोजित होगा, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल मुख्य अतिथि होंगे। इस समारोह के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों को जिम्मेवारी सौंप दी गई है और संबंधित विभागों द्वारा जरूरी प्रबंध व तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री इस अवसर पर राजा हसन खां मेवाती की भव्य प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। उन्होंने बताया कि हम सभी राजा हसन खां की बहादुरी व पराक्रमी बलिदान को सलाम अर्पित करते हैं, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

राजा हसन खां निडर योद्धा थे, जिन्होंने मेवात के स्वाभिमान और संस्कृति की रक्षा के लिए कई महान क्रांतिकारी घटनाओं में भाग लिया। आज हम उन्हें उनकी वीरता और निष्ठा के लिए स्मरण कर रहे हैं। इस शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में राजा हसन खां जैसे वीर शहीदों के बलिदान को याद करने व उनके साहसिक कार्यों की महत्वपूर्णता को समझने का समय है। उपायुक्त ने इस समारोह की तैयारियों व प्रबंधों की समीक्षा के लिए मंगलवार को लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हाल में जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि समारोह में आने वाले लोगों के लिए आयोजन स्थल के नजदीक पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए। लोगों के लिए पेयजल, सुरक्षा संबंधी सभी प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। इस रैली में आने वाले लोगों के लिए सभी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां व जरूरी प्रबंध एसडीएम फिरोजपुर झिरका डा. चिनार चहल की देखरेख में किए जा रहे हैं।

# लखपति दीदी सम्मेलन के माध्यम से छह मार्च को स्वयं सहायता समूहों को प्रधानमंत्री करेंगे संबोधित : डीसी



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेन्द्र खडग़टा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार, 6 मार्च को देश भर में लखपति दीदी कार्यक्रम को लेकर आयोजित सम्मेलन में स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को वर्चुअल रूप से संबोधित करेंगे,जिसके चलते खंड व जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल में लखपति दीदी सम्मेलन में शामिल होंगे। नूंह में जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए सदभावना मंडप का चयन किया गया है,जबकि सभी ब्लाकों में खंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होंगे। उपायुक्त ने बताया कि सरकार द्वारा पूरे देश में स्वयं सहायता समूह को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नमो ड्रोन दीदी योजना की शुरुआत की गई है।

उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है और समूह को खेती में काम आने वाली ड्रोन 80 प्रतिशत अनुदान पर दिया जा रहा है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए सरकार ने महिला सदस्यों को योजना के प्रति जागरूक करने का अभियान चलाया है। उन्होंने कहा कि 6 मार्च को करनाल में लखपति दीदी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। साथ ही जिला व खंड स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों को देश के प्रधानमंत्री वर्चुअल रूप से संबोधित करेंगे।

**एक दिवसीय कार्यक्रम में महिलाओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण**

उपायुक्त ने बताया कि लखपति दीदी योजना के जरिए सरकार द्वारा महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा ताकि वह प्रति वर्ष एक लाख रुपए से अधिक कमा सकें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए उन्हें विभिन्न प्रकार की योजनाओं में शामिल किया गया है। डीसी ने बताया कि लखपति दीदी योजना का लाभ उठाने के लिए महिलाओं को किसी स्वयं सहायता समूह के साथ जुडकर बिजनेस प्लान तैयार करना होगा। इसके बाद स्वयं सहायता समूह के जरिए यह प्लान व आवेदन सरकार के पास भेजा जाता है। बिजनेस प्लान की समीक्षा के बाद यदि आपका आवेदन स्वीकार हो जाता है तो योजना के तहत नियमानुसार इंटरेस्ट फ्री लोन दिया जाता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अपने विभागों से संबंधित कार्यों को समय रहते पूरा करना सुनिश्चित करें।

# सीएम नूंह को देंगे लगभग 142 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात

**मुख्यमंत्री हरियाणा निवास चंडीगढ़ से आगामी 7 मार्च को वर्चुअल माध्यम से करेंगे जिला की 6 परियोजनाओं का उद्घाटन व 8 परियोजनाओं का शिलान्यास**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल वीरवार को हरियाणा निवास चंडीगढ़ से वर्चुअल माध्यम से प्रदेशभर में करोड़ों रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। इसी शृंखला में जिला नूंह की करीब 142 करोड़ रुपए की लागत की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों को लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लघु सचिवालय के सभागार में सीधा प्रसारण होगा, जिसमें पलवल के विधायक दीपक मंगला मुख्यातिथि होंगे। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित सारी तैयारियां पूरी कर लें। मुख्यमंत्री इन परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन व शिलान्यास उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल 7.82 करोड़ रुपए की लागत से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फिरोजपुर झिरका के कैंपस में सरकारी कर्मचारियों के लिए बनाए गए 21 आवासों का उद्घाटन करेंगे। इसी प्रकार गुरुग्राम-अलवर रोड से नूंह-पलवल रोड तक 7.17 करोड़ रुपए की लागत से बने 4.85 किलोमीटर लंबे बाईपास का भी उद्घाटन करेंगे तथा पांच करोड़ रुपए की लागत से उजीना डाएवर्जन ड्रेन पर पुल, 4.31 करोड़ रुपए की लागत से उजीना ड्रेन पर बने ब्रिज तथा लंडोहा नाला पर 3.83 करोड़ रुपए की लागत से बने पुल व अन्य स्थान पर लंडोहा नाला पर 3.82 करोड़ रुपए की लागत से बने पुल का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि पुरानी हाउसिंग बोर्ड कालोनी में 61.50 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 126 घरों के निर्माण का शिलान्यास रखेंगे। खंड तावड़ू में 26.76 करोड़ लाख रुपए की लागत से बनने वाले प्रशासनिक भवन व 8.94 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले एसडीएम रेजिडेंस की आधारशिला रखेंगे। इसी प्रकार गांव बरौजी में 1.76 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले माइक्रो इरिगेशन प्रोजेक्ट व गांव गंगोला में 1.42 करोड़ रुपए की लागत से न्यू ड्रेन के साथ जमा पानी को निकालने के लिए ट्यूबवेल का शिलान्यास व गांव गुलालता से कोट ड्रेन के साथ पंप हाउस लगाकर जमा पानी की निकासी के लिए पाइपलाइन बिछाने के कार्य व गांव उलेटा में सांझी डेरी प्रोजेक्ट के फर्स्ट पेज के तहत 60 लाख की लागत से बनने वाले एनिमल शेड व राजकीय महाविद्यालय नगीना में 7.90 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले कक्षा भवन का शिलान्यास करेंगे।

# नूंह ड्रेन में गुडगांव कैनाल से सिंचाई के लिए आ रहे दूषित पानी को लेकर नूंह विधायक आफताब अहमद ने चिंता व्यक्त की



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह ड्रेन में गुडगांव कैनाल से सिंचाई के लिए आ रहे दूषित पानी को लेकर नूंह विधायक आफताब अहमद ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि एनसीआर की तमाम गंदगी से नूंह जिले का वातावरण लगातार दूषित हो रहा है। एक और जहां नूंह व इंडरी खंड के गांव टपकन व ऊदाका में कैंसर रोगी बढ़ रहे हैं तो दूसरी और हजारों एकड़ जमीन बंजर हो चुकी है। अगर समय रहते प्रदेश सरकार ने इस और ध्यान नहीं दिया तो हमारा आने वाला कल और अधिक भयानक होगा। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि वह लगातार दस साल से जिले में आ रहे इस दूषित पानी को बंद करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह जिले के किसानों को अब पूरी तरह से बर्बाद कर रहा है। कई जगहों पर जमीन के बंजर होने से किसानों ने खेतों में तालाब बना दिए है। यह नूंह जिले का बहुत ज्वलंत मुद्दा है। मजबूरी में आकेड़ा, मालब, कोटला आदि गांवों के किसान इसे इस्तेमाल करने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि अधिक पानी के आने से यह समस्या हो रही है जबकि असलियत यह है कि यह कैमिकल युक्त पानी है जिसे जमीन बंजर हो रही है। उन्होंने सरकार से मांग की इसके लिए जल्द से जल्द अलग विशेष योजना बनाकर कार्य किया जाए। बीते दो साल से नूंह के गांवों में 40 बोरवैल लगाने को लेकर योजना बनाई थी। लेकिन सरकार ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने हाल में साथ के लगते राजस्थान प्रदेश को पानी देने का करार किया है जोकि गलत है यह प्रदेश के लिए पूरी तरह से शर्मनाक है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के पानी को पंजाब नहीं दे रहा है। प्रदेश में पहले से पानी नहीं है अगर बरसात का अधिक पानी होता है तो सरकार जल्द से जल्द नूंह जिले की कोटला झील का विस्तार कर उस पानी को मेवात को दें। जिससे यहां का जल स्तर बढ़ सके। दूसरी और स्वच्छ पानी से कृषि कार्य भी कर सकें। उन्होंने कहा कि नूंह ड्रेन में आने वाले जहर से एक दिन प्रतिदिन मेवात जिले की बर्बादी हो रही है। फरीदाबाद जिले की पूरी गंदगी से आज यहां का वातावरण दूषित हो रहा है। ऐसे में सरकार को इस बारे में योजना बनाकर कार्य करना चाहिए।

# उपायुक्त ने लोकसभा चुनाव की समयबद्ध तैयारी के दिए निर्देश

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 की तैयारियां व प्रबंध समयबद्ध सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने नगराधीश व जिला सूचना प्रौद्योगिकी अधिकारी को निर्देश दिए कि वे सभी विभागों के कर्मचारियों व अधिकारियों संबंधी डाटा चुनाव के लिए मैनपॉवर के रूप में एकत्रित कर लें। इसी प्रकार सभी विभाग स्वीप गतिविधियां तेजी से आयोजित करें तथा मतदाताओं को मत बनवाने तथा मतदान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता की अनुपालना के लिए डीएमसी नोडल अधिकारी होंगे और सभी एसडीएम भी आदर्श चुनाव आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए अलग-अलग कार्यों के लिए नोडल अधिकारी बनाए गए हैं, सभी नोडल अधिकारी अपनी डयूटी तत्परता व ईमानदारी से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए सभी सुविधाएं सुनिश्चित कर ली जाएं, जिसमें दिव्यांगों तथा वृद्ध जनों के लिए वोट डालते समय व्हील चेयर से लेकर बाथरुम सहित अन्य इंतजाम अभी से सुनिश्चित किए जाएं। इस बैठक में नगराधीश अशोक कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



# 01 किलो 70 ग्राम अवैध मादक पदार्थ सुल्फा सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा निर्देश में कार्य करते हुए थाना कोसली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ सुल्फा सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जांचकर्ता ने बताया की 04 मार्च 2024 को सूचना मिली कि दो व्यक्ति कोसली से झज्जर रोड पर जेएलएन नहर के पास अपनी बाइक पर नशीला पदार्थ शुल्फा बेचने की फिराक में खड़े हुए है। जिस सूचना को सच मानकर तुरन्त रेडिग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंच कर आरोपियों को काबू करके नाम पता पूछा तो उन्होंने अपना नाम प्रदीप कुमार व नवीन कुमार निवासी गांव मंगलपुर जिला जींद बतलाया। जो ड्यूटी मजिस्ट्रेट को साथ लेकर आरोपियों की तलाशी ली गई तो बाइक के बैग से 01 किलो 70 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ सुल्फा बरामद हुआ। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना कोसली में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# जाओ सोनिया गांधी से कह दो : पंजाब विधानसभा में मुख्यमंत्री भगवंत मान? अपने ही चला रहे अपनों पर तीर

**पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजपा का मजाक उड़ाते हुए उन्हें याद दिलाया कि कैसे कई वरिष्ठ नेता सबसे पुरानी पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए.**

**पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को कांग्रेस की तुलना 'फिएट कार के पुराने मॉडल' से की और पार्टी नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब संसद का बजट सत्र चल रहा था तो वह छत्तीसगढ़ में अपनी यात्रा में व्यस्त थे.**





**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भले ही कांग्रेस और आम आदमी पार्टी साथ-साथ चलने की बात कर रहे हों, बावजूद इसके दोनों एक-दूसरे पर हमलावर हैं. इंडिया गठबंधन का हिस्सा होने के बावजूद भी पंजाब की आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को फटकार लगाई है और राहुल गांधी की आलोचना की है. पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को कांग्रेस की तुलना 'फिएट कार के पुराने मॉडल' से की और पार्टी नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब संसद का बजट सत्र चल रहा था तो वह छत्तीसगढ़ में अपनी यात्रा में व्यस्त थे. वहीं, कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने सोमवार को भगवंत मान नीत पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर आरोप लगाया कि यह केवल 'खोखले वादे' कर रही है.

बजट सत्र के दूसरे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा में भाग लेते हुए मान ने एक मार्च को राज्यपाल के अभिभाषण को बाधित करने के लिए पंजाब कांग्रेस सदस्यों की आलोचना की. कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा हैं. ये दोनों दल पंजाब को छोड़कर अन्य जगहों पर गठबंधन के तहत लोकसभा चुनाव लड़ेगें.

आपा खोते हुए पंजाब के सीएम भगवंत मान ने प्रताप सिंह बाजवा से कहा, राहुल गांधी और सोनिया गांधी किसके साथ बैठते हैं? मेरे साथ. क्या आप कभी उनके साथ बैठे हैं? मान ने कहा, एक तरफ आप हमारे साथ (सीट बंटवारे पर) समझौता कर रहे हैं. दूसरी तरफ ये सब जाओ और उनसे (सोनिया और राहुल गांधी) से कहो कि वे हमारे लिए कुरुक्षेत्र, दिल्ली और गुजरात (लोकसभा) सीटें न दें. मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता का मजाक उड़ाते हुए उन्हें याद दिलाया कि कैसे कई वरिष्ठ नेता सबसे पुरानी पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए.

राहुल गांधी के बारे में बात करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि जब संसद के बजट सत्र के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता छत्तीसगढ़ में अपनी यात्रा में व्यस्त थे. भगवंत मान ने पूछा, 'बजट सत्र के दौरान प्रधानमंत्री का भी संबोधन होना था. लेकिन उनके (कांग्रेस) मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ के जंगलों में घूम रहे थे. पता नहीं वह कौन सी यात्रा निकाल रहे थे?' बता दें कि उन दिनों राहुल गांधी अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत छत्तीसगढ़ में थे.

भगवंत मान ने यह भी कहा कि 15 दिन पहले समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव ने उनसे कहा था कि कांग्रेस 'अपडेट' हो गई है. उन्होंने कहा कि यादव ने उन्हें बताया कि कांग्रेस उत्तर प्रदेश में एक सीट की मांग कर रही है. भगवंत मान ने अखिलेश यादव द्वारा उन्हें बताई गई बातों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने एक उम्मीदवार का नाम घोषित किया था, जिसे उस सीट से खड़ा किया जाना था, लेकिन साढ़े नौ साल पहले उनकी मृत्यु हो गई थी.

भगवंत मान ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि वे इतने जागरुक हैं. उन्होंने कहा कि वास्तव में कांग्रेस 'फिएट कार के पुराने मॉडल' की तरह है जिसे अपडेट नहीं किया जा सकता. बता दें कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने फैसला किया है कि वे पंजाब में अलग-अलग रहकर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे. बाकी जगहों पर गठबंधन के तहत ही चुनाव लड़ेंगे.

कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने सोमवार को भगवंत मान नीत पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर आरोप लगाया कि यह केवल 'खोखले वादे' कर रही है. 'आप' सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 का बजट पेश किये जाने से एक दिन पहले, सिद्धू ने कहा कि पंजाब के लोगों ने बजटीय आवंटन के साथ नीति संचालित कानून बनाने के लिए इस सरकार को चुना था, न कि खोखले वादे करने के लिए. उन्होंने दावा किया कि 'आप' सरकार ने पिछले दो वर्षों के दौरान लगभग 67,000 करोड़ रुपये उधार लिए हैं. सिद्धू ने पटियाला में संवाददाताओं से कहा, ''मौजूदा सरकार ने उधार लेने में इतिहास रचा है. इस औसत के अनुसार, पांच वर्षों के दौरान यह आंकड़ा 1.70 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा. उन्होंने कहा, ''यह उनके वोट बैंक की राजनीति से जुड़े स्वार्थ का प्रमाण है. यह जनकल्याण की बात नहीं है.

# एयरफोर्स के 100 मीटर दायरे में पुराने मकानों के पुन निर्माण को लेकर विधायक नीरज शर्मा की अधिकारियों संग मीटिंग

**विधायक नीरज शर्मा ने गुरप कमाडंर को बताया कि न्यायलय के आदेशो में कही ऐसा नही लिखा है कि मकानों को पुन बनाने की रोक हो, न्यायलय का आदेश था कि वर्ष 2012 के बाद अनधिकृत मकानों को बनाने पर रोक है**




**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़/फरीदाबाद, 05 मार्च।** आज दिनांक 05 मार्च 2024 को एनआईटी फरीदाबाद से विधायक नीरज शर्मा ने एनआईटी विधानसभा के एयरफोर्स के 100 मीटर के दायरे में जर्जर मकानों के पुन निर्माण एंव विकास कार्यो को शुरू करने को लेकर जिला उपायुक्त कार्यालय में मीटिंग हुई, जिसमे उपायुक्त की तरफ से एसडीएम अमित मान, एयरफोर्स कमांडर कपूर जी के साथ मीटिंग की। मीटिंग लगभग 1 घन्टा चली जिसमे एनआईटी.86 फरीदाबाद से संबंधित विभिन्न कार्यों एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों पर चर्चा की गई जिसमें एयरफोर्स रोड 100 मीटर में रिपेयरिंग की अनुमति बारे एयरफोर्स के अधिकारियों संग चर्चा की। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि माननीय न्यायालय ने 100 मीटर के दायरे में अनिधिकृत निर्माण कार्यों पर रोक लगाई है ना की मूलभूत सुविधाओं पर लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने मूलभूत सुविधाओं पर ही रोक लगा दी है जोकि सरासर गलत है। विधायक नीरज शर्मा ने अधिकारियों को बताया कि जैसा कि सरकार के द्धारा 100 मीटर म्यूटेश एंव रजिस्ट्ररी तथा उसके बाद बिजली के नए मीटर लगाने की अनुमति दे दी है। अब लोग मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण परेशान है।

विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि 100 मीटर के दायरे में जो पुराने मकान 2012 से पहले बने है उनको जब लोग रिपेयर या दुबारा बनाते है तो उनको नगर निगम द्वारा तोड़ दिया जाता है जोकि गलत है इसलिए ऐसी योजना बनाए ताकि जो पूराने मकान बने है उनको रिपेरिंग की अनुमति मिले।

जिसपर एयरफोर्स कमांडर का कहना कि न्यायलय के आदेश के कारण हम 100 मीटर दायरे में पुराने मकानों को पुन निर्माण की अनुमति नही दे सकते है।

जिसपर विधायक नीरज शर्मा ने गुरप कमाडंर को बताया कि न्यायलय के आदेशो में कही ऐसा नही लिखा है कि मकानों को पुन बनाने की रोक हो, न्यायलय का आदेश था कि वर्ष 2012 के बाद अनधिकृत मकानों को बनाने पर रोक है। लेकिन अधिकारी न्यायलय के आदेशो को अपने हिसाब से कुछ भी मान लेते है जिसके कारण जनता को परेशानी का सामना करना पडता है।

विधायक नीरज शर्मा ने मीटिंग मे कहा कि अगर किसी के जर्जर मकान के कारण कोई हादसा को गया या जान माल की हानि हुई तो क्या प्रशासन उसकी जिम्मेदारी लेगा।

इसके बाद मीटिंग में यह निश्चित हुआ है कि नगर निगम वाले वर्ष 2012 से पहले बने मकानों को पुन बनाने एंव रिपेंयरिंग करवाने के लिए एक एसओपी तैयार करके उपायुक्त को सौपेगे उसके बाद एयरफोर्स कमांडर इस बारे उच्च अधिकारियों से निदेश प्राप्ति के बाद कोई निर्णय लेंगे।

विधायक नीरज शर्मा ने 100 मीटर के दायरे में रहने वाले लोगो से अपील की है कि जबतक एयरफोर्स की तरफ से मकानों को पुन बनाने एंव रिपेयरिंग की अनुमति जारी नही होती है तबतक वह अपने मकानों को ना तोडे। इस मौके पर उपायुक्त फरीदाबाद की और से अमित मान, एयरफोर्स कमांडर कपूर, नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त गौरव अंतिल, नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त स्वपिल रविंद्र पाटिल, थाना सारन एसएचओ, थाना डबुआ एंव अन्य अधिकारी उपर्सथित रहे।

# किसानों को प्रति एकड़ कम-से-कम 40,000 मुआवजा दे सरकार : हुड्डा

**मुआवजा देने की बजाए बीजेपी-जेजेपी ने किसानों को छोड़ा पोर्टल भरोसे- हुड्डा**

**पोर्टल नहीं चलने की वजह से क्लेम नहीं कर पा रहे किसान, धरना-प्रदर्शन को मजबूर- हुड्डा**

**बीजेपी-जेजेपी ने हरियाणा को बनाया अपराधियों की शरणस्थली, कांग्रेस करेगी अपराध का सफाया- हुड्डा**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने किसानों के लिए प्रति एकड़ कम से कम 40000 मुआवजा देने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा है कि पिछले दिनों हुई बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि से कई जिलों में किसानों की खड़ी फसल बर्बाद हो गई। कई जगह 100% तक खराबा हुआ है। ऐसे में किसानों को इस नुकसान की भरपाई के लिए तुरंत मुआवजे की जरूरत है। सरकार को जल्द गिरदावरी करवा के उन्हें आर्थिक मदद देनी चाहिए। पहले भी सरकार द्वारा घोषित राशि में से 422 करोड़ रूपया मुआवजा बकाया है। उसका भुगतान भी जल्द किया जाना चाहिए।

हुड्डा ने कहा कि हमेशा की तरह बीजेपी-जेजेपी ने किसानों को पोर्टल के भरोसे छोड़ दिया है। लेकिन हमेशा की तरह जरूरत के वक्त पोर्टल का सर्वर डाउन है और वो चल नहीं रहा। इसलिए किसान मुआवजे के लिए क्लेम तक नहीं कर पा रहे। यही वजह है कि किसानों को अपनी जायज मांग के लिए भी धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। जरूरत के वक्त ना उनकी मदद के लिए सरकार आगे आई और ना ही बीमा कंपनियां। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सिर्फ कंपनियों की तिजोरी भरने का जरिया बन गई है।

पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे हुड्डा ने कहा कि नफे सिंह राठी के मामले में विपक्ष ने सीबीआई जांच की मांग की थी। क्योंकि कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने और अपराध पर नकेल कसने में बीजेपी-जेजेपी सरकार पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। हत्या, फिरौती, फायरिंग, लूट, डकैती और बलात्कार जैसी वारदातें आम हो गई हैं। हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर प्रदेश से अपराध का सफाया किया जाएगा। जिस तरह 2005 में सरकार बनने पर कांग्रेस ने कानून व्यवस्था को प्राथमिकता दी गई थी, उसी तरह एक बार फिर बदमाशों पर नकेल कसकर प्रदेश को सुरक्षित माहौल दिया जाएगा।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी ने हरियाणा को अपराधियों की शरणस्थल बना दिया है। क्राइम रेट ज्यादा होने के चलते निवेशक अपने हाथ खींच रहे हैं। निवेश नहीं होने के चलते रोजगार सृजन नहीं हो पा रहा और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। यही बेरोजगारी नशे और अपराध की जननी है, जिस पर नकेल कसना प्रत्येक सरकार की जिम्मेदारी होती है। लेकिन अपनी जिम्मेदारी को निभाने में मौजूदा सरकार पूरी तरह विफल है। खुद केंद्र सरकार का सामाजिक प्रगति सूचकांक और एनसीआरबी की रिपोर्ट इस बात की गवाही देते हैं।

# ऐतिहासिक होगा लखपति दीदी महासम्मेलन : नायब सैनी

**प्रदेश महामंत्रियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष सैनी ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा**

**लखपति दीदी महासम्मेलन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल होंगे मुख्य अतिथि**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि करनाल में होने वाला लखपति दीदी महासम्मेलन ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने ये बातें मंगलवार को करनाल में कार्यस्थल का जायजा लेने के दौरान कही। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बडौली, सुरेन्द्र पुनियां, डा. अर्चना गुप्ता के अलावा विधायक हरविन्द्र कल्याण, जिला महामंत्री सुनील गोयल और जय भगवान सीकरी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने के बाद प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए। नायब सैनी ने कहा कि महिला दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित ''नारी शक्ति वंदन अभियान'' के तहत करनाल मे लखपति दीदी महासम्मेलन का आयोजन हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी और मनोहर सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए अनेकों योजनाएं क्रियानवित की हैं और उनके सार्थक नतीजे सामने आ रहे हैं। अब महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं। श्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता से नारी शक्ति वंदन के तहत अपना संबोधन रखेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने महिलाओं व समाज के अन्य वर्गों के लोगों से बड़ी संख्या में पहुंच कर प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन और मुख्यमंत्री के विचार सुनने की भी अपील की। नायब सैनी ने कहा कि इस महासम्मेलन में बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं भाग लेंगी। राज्य सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिये अनेक कदम उठाये हैं तथा सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिये हर संभव कदम उठा रही है।

# कांग्रेस प्रवक्ता विद्रोही ने नोट फार वोट को अपराध बनाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बडा कदम बताया



**इस फैसले के बाद दलबदल, लालच, लूट-खसोट की राजनीति में कुछ तो अंकुश जरूर लगेगा : विद्रोही**

**इस फैसले के बाद राजनीतिक दल पैसा व प्रलोभन लेकर पार्टी लाईन से हटकर वोट देने वाले सांसदों व विधायकों के खिलाफ भ्रष्टाचार व रिश्वत लेने का आरोप पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाकर ऐसे दलबदलू व लालची सांसदों-विधायकों को सबक सिखाने में सफल हो सकते है : विद्रोही**

**समाचार गेट ब्यूरो**

स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने नोट फार वोट को अपराध बनाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सांसदों व विधायकों के दलबदल, खरीद-फरोख्त को रोकने को बडा कदम बताया। विद्रोही ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने 1998 के सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ के सांसदों व विधायकों को संसद व विधानसभा में रिश्वत लेकर वोट देने की जो सुरक्षा दी थी, अब उस सुरक्षा को सात सदस्यीय संविधान पीठ ने खत्म करके पैसा लेकर संसद व विधानसभा में वोट देने, किसी के खिलाफ भाषण देने को अपराध करार दिया। अब इस फैसले के बाद राजनीतिक दल पैसा व प्रलोभन लेकर पार्टी लाईन से हटकर वोट देने वाले सांसदों व विधायकों के खिलाफ भ्रष्टाचार व रिश्वत लेने का आरोप पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाकर ऐसे दलबदलू व लालची सांसदों-विधायकों को सबक सिखाने में सफल हो सकते है।

विद्रोही ने कहा कि आज के दौर में यह निर्णय और भी इसलिए महत्वपूर्ण है कि जिस तरह मोदी-भाजपा सरकार सत्ता बल, धन बल से जनादेश के विपरित विधायकों की खरीद-फरोख्त करके विगत दस सालों से जबरदस्ती 9 भाजपा सरकारे विभिन्न राज्यों में बनाने का पाप किया है, उन पापों पर अब रोक लगाने के लिए एक हथियार तो मिला है। विगत दस सालों में अपने अपार काले धन से जिस तरह मोदी-भाजपा ने देशभर में 450 से ज्यादा विधायकों व 50 से ज्यादा सांसदों को खरीदा, उससे भारत की पूरी राजनीति प्रदूषित होकर व्यापार बन चुकी है। विद्रोही ने कहा कि अब सांसदों व विधायकों में पैसा लेकर पार्टी के खिलाफ वोट देने वाले जनप्रतिनिधियों में डर पैदा होगा और यदि राजनीतिक दल गंभीरता से उसका पर्दाफाश करने का प्रयास करेंगे तो ऐसे सांसदों-विधायकों को कानून अनुसार दंडित करवाने में भी सफलता मिलेगी। विद्रोही ने कहा कि इस फैसले के बाद दलबदल, लालच, लूट-खसोट की राजनीति में कुछ तो अंकुश जरूर लगेगा।

# चौ. दलबीर सिंह की जयंती पर किया हवन, सैलजा सहित बड़ी संख्या में लोगों ने दी श्रद्धांजलि



**पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ. दलबीर सिंह की जयंती पर कुमारी सैलजा व कांग्रेस पदाधिकारियों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन**

**चौ. दलबीर सिंह ने हमेशा स्वच्छ, निष्पक्ष, बेदाग व सिद्धांतों की राजनीति की : कुमारी सैलजा**

**कुमारी सैलजा के नेतृत्व में आप के प्रदेश प्रवक्ता मनोज राठी, डॉ. रामबिलास जांगड़ा व सुभाष भारती सहित काफी समर्थक कांग्रेस में शामिल**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**हिसार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने अपने पिता स्वर्गीय चौ. दलबीर सिंह की जयंती पर आयोजित हवन-यज्ञ में हिस्सा लेकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान काफी संख्या में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य और हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि चौ. दलबीर सिंह ने हमेशा सिद्धांतों की राजनीति करते हुए मिसाल कायम की। स्वच्छ, निष्पक्ष व बेदाग राजनीति के लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है। इसलिए हम सभी को उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए।

श्रद्धांजलि समारोह में पूर्व मंत्री सुभाष बत्रा, पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी,पूर्व विधायक रणधीर सिंह धीरा, पूर्व विधायक राजकुमार भूखडी, पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, जगन्नाथ, डॉ. अजय चौधरी, लाल बहादुर खोवाल, मास्टर हरि सिंह, हरपाल बूरा, भूपेंद्र गंगवा, रामनिवास राडा, कृष्ण सातरोड़, बाला देवी खेदड़, अश्वनी शर्मा, पूर्व चेयरमैन काशीराम, अंकित चमारखेड़ा, बलजीत पातड़, अजय जौहर, रणदीप लोचन, स्नेहलता निंबल, जगबीर मलिक, कर्मजीत कौर, मुकेश सैनी, संतोष बेनीवाल, राजेश पुरखासिया, गोपीराम चांडीवाल, हरिकृष्ण प्रभुवाला विशेष रूप से उपर्सथित रहे। इनके साथ ही शैलेष वर्मा, वीरभान मेहता, राजेश चाडीवाल, कौशल्या सिंहमार, लादूराम पूनिया, संदीप नेहरा, रणधीर सिंह मेहरानिया, अनिल सैनी, राजेंद्र वाल्मीकि, सुरेश ठाडा, दिव्या धुंदवाल, शिव कुमार चागिया, राजेश पहलवान, राकेश तंवर, मुकेश सैनी, सुरेंद्र सैनी सातरोड़, अजय खेड़ी बर्की, प्रियंका हुड्डा व एस. के. वर्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

श्रद्धांजलि समारोह के उपरांत आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व किसान सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज राठी, आप के व्यापार सेल के जिला अध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष व हांसी के पूर्व हलका अध्यक्ष डॉ. रामबिलास जांगड़ा एवं हांसी ब्लॉक अध्यक्ष व हांसी के पूर्व संगठन मंत्री सुभाष भारती सहित काफी संख्या में उनके समर्थकों ने कुमारी सैलजा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में हर कार्यकर्ता को भरपूर सम्मान मिलता है और काम करने का भी पूरा अवसर दिया जाता है।